संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 140 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, जवान शहीद



टीम एक्शन इंडिया

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चटरू के सिंहपोरा इलाके में में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने गोलीबारी के बाद तीन से चार आतंकियों को घेर लिया। गोलीबारी में एक जवान बलिदान हो गया। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है। अन्य घायल सैनिकों का उपचार उधमपुर सेना अस्पताल में किया जा रहा है। किश्तवाड़ आतंकी मुठभेड़ में शहीद सैनिक की पहचान सिपाही गायकवाड संदीप पांडुरंग निवासी करानाडी तहसील अकोला जिला अहमदनगर महाराष्ट्र के रूप में हुई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली कि चटरू के सिंहपोरा इलाके में आतंकी छिपे हैं। सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी हुई। किश्तवाड़ के सब डिवीजन चटरू के सिंहपोरा इलाके में मुठभेड़ हुई। आतंकियों की संख्या तीन से चार है।

## वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने वक्फ संशोधन कानून पर तीन दिनों की मैराथन सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ संशोधन कानून में वक्फ करने के लिए 5 साल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के प्रावधान पर दलील रखी। कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर वकील कपिल सिब्बल ने आपत्ति जताई कि किसी भी



हिंदू धर्मस्थान की बंदोबस्ती में एक भी व्यक्ति गैर हिंदू नहीं है। अगर आप अन्य धार्मिक समुदाय को विशेषाधिकार दे रहे हैं, तो यहां क्यों नहीं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ संशोधन कानून में वक्फ करने के लिए 5 साल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के प्रावधान

### वक्फ का निर्माण ही धर्मनिरपेक्ष कार्य नहीं हैः सिब्बल

मेहता ने कहा था कि ये कानून संयुक्त संसदीय कमेटी की ओर से व्यापक विचार-विमर्श कर पारित किया गया। इससे पहले 20 मई को सुनवाई के दौरान वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि वक्फ काउंसिल में गैर-मुस्लिमों को सदस्य बनाना धर्मनिरपेक्षता नहीं है। हमारी आपत्ति भी यही है कि किसी भी हिंदू धर्मस्थान की बंदोबस्ती में एक भी व्यक्ति गैर हिंदू नहीं है। अगर आप अन्य धार्मिक समुदाय को विशेषाधिकार दे रहे हैं तो यहां क्यों नहीं। सिब्बल ने कहा था कि अगर आप 14 राज्यों के वक्फ बोर्ड को देखें तो सभी सदस्य मनोनीत हैं, कोई चुनाव नहीं होता। जिस तरह शैक्षणिक संस्थानों को प्रबंधन का अधिकार है।

### दलीलें

☐ तुषार मेहता ने वक्फ संशोधन कानून में वक्फ करने के लिए 5 साल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के प्रावधान पर दलील रखी

पर दलील रखते हुए कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ में शादी, तलाक, वसीयत आदि के लिए खुद को मुस्लिम साबित करना होता है।

## फास्ट न्यूज

### हत्यारों को न्याय के कटघरे में लाया जाए: विदेश मंत्री

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वाशिंगटन डीसी में इजराइली राजनयिकों यारोन लिश्चिंस्की और सारा मिलग्रिम की हत्या की निंदा की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार को टैग करते हुए विदेश मंत्री ने एक्स पर कहा, हम वाशिंगटन डीसी में इजराइली राजनयिकों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवारों और सहकर्मियों के साथ हैं। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। वॉशिंगटन डीसी में यहूदी संग्रहालय के बाहर एक कार्यक्रम के दौरान हुई गोलीबारी में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की हत्या हुई है। हत्यारे ने फ्री फिलिस्तीन का नारा लगाया।

### पीएम मोदी ने देश के सम्मान से समझौता किया: राहुल गांधी

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर राहुल गांधी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के सम्मान से समझौता कर लिया है। अब खोखले भाषण देना बंद कर दीजिए।

**मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए।**

सिर्फ इतना बताइए: 1. आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया?

2. ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी?

3. आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है?

एक्स पर पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए कि आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुबानी क्यों दी? आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

☐ अब मोदी की नसों में खून नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा; ऑपरेशन सिंदूर पर सुनाई कविता, आतंक की कीमत पाक को चुकानी होगी: मोदी, पाकिस्तान का स्टेट और नॉन-स्टेट एक्टर का नाटक नहीं चलेगा: प्रधानमंत्री मोदी

# हमारी सेना पाकिस्तान को घुटनों पर लाई: पीएम मोदी

### चेतावनी

☐ जो भारत के खून से खेलेंगे, वे मिट्टी में मिलाए जाएंगे। पहले घर में घुसकर मारा था, अब सीने पर प्रहार किया है

टीम एक्शन इंडिया

**बीकानेर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से गुरुवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कड़े शब्दों में कहा कि अब उसका स्टेट और नॉन-स्टेट एक्टर का नाटक नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीधे युद्ध में भारत से नहीं जीत सकता, इसलिए उसने आतंकवाद को लड़ाई का हथियार बनाया है, लेकिन अब आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वाली सरकार में कोई फर्क नहीं किया जाएगा। हर आतंकी हमले की कीमत पाकिस्तान की सेना और अर्थव्यवस्था को चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से बातचीत और व्यापार बंद रहेगा और सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) ही एकमात्र मुद्दा होगा जिसपर कोई संवाद होगा। प्रधानमंत्री ने भारत के इस नए रूप को रौद्र रूप बताया और जनता की ओर से मिले मोदी-मोदी के नारों को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया। उन्होंने कहा, मोदी का दिमाग ठंडा है, पर लहू गर्म है। मेरी नसों में लहू नहीं, गरम सिंदूर बहता है। उन्होंने आतंकवादियों को चेताते हुए कहा कि जो भारत के खून से खेलेंगे, वे मिट्टी में मिलाए जाएंगे। पहले घर में घुसकर मारा था, अब सीने पर प्रहार किया है। पाकिस्तान को आगाह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हर आतंकी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उसे पाई-पाई के लिए मोहताज होना होगा। भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। इस दौरान भारत की आतंक को लेकर नई तीन सूत्री नीति का उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब आतंकी हमले पर करारा जवाब दिया जाएगा। समय और तरीका सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। परमाणु बम की गीदड़ भभकियों से भारत नहीं डरेगा। हम आतंकियों और सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे। भारत अब सिर्फ प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय करेगा।





### मोदी ने बीकानेर में परियोजनाओं का उद्घाटन किया

*टीम एक्शन इंडिया*

*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के बीकानेर में 26 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास उपलब्धियों के साथ आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ता को सामने रखा। कार्यक्रम में 8 राज्यों से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य जन प्रतिनिधियों सहित जनता भी जुड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बीकानेर जिला स्थित देशनोक रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। ये स्टेशन 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित हैं और इन्हें 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण प्रयासों पर प्रकाश डाला।*

### रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व सुधार देखे हैं: अश्विनी

*नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व सुधार देखे हैं। इन सुधारों के तहत 34,000 किलोमीटर से अधिक नई रेल पटरियों का निर्माण किया गया है और 47,000 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी नई जनरेशन की ट्रेनें शुरू की हैं। इसके अलावा, पुराने आईसीएफ कोच को एलएचबी कोच में बदलने का काम मिशन मोड में किया गया है और 42,000 नए एलएचबी कोच बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे स्टेशनों के नवनिर्माण पर विशेष ध्यान दिया है।*



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से की मुलाकात।

### दिव्यांगों को सरकारी घरों के आवंटन में मिलेगा 4 फीसदी आरक्षण

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में जुटी केंद्र सरकार ने उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार से जुड़ी सभी आवासीय योजनाओं में अब उनके लिए चार प्रतिशत आवास आरक्षित होंगे। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने इसे लेकर आदेश जारी किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास की पहल को ध्यान रखते लिया गया है। संपदा निदेशालय ने गुरुवार को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम- 2016 के अनुरूप केंद्र से जुड़ी सभी आवासीय योजनाओं में दिव्यांगजनों की इस आदेश के क्रम में उचित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों आदि तक दिव्यांगजनों की पहुंच को सुलभ बनाने के लिए विशेष रैंप का निर्माण कराया है।

## 'पीएम ने दुनिया को बताया आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेंगे'



टीम एक्शन इंडिया

**पणजी:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की। गोवा राजभवन के वामन वृक्षकला उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पड़ोसियों और पूरी दुनिया को बता दिया है कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आतंकवादियों का पता लगाया जाएगा और उन्हें दंडित किया जाएगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब बहुत अलग है। भारत आत्मविश्वास से भरा और साहसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल हमारे कठिन पड़ोसियों को बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय को यह संदेश दिया है कि आतंकवाद को न केवल बर्दाश्त किया जाएगा, बल्कि इससे भी आगे बढ़कर आतंकवादियों को दंडित किया जाएगा।

### पीठ थपथपाई

☐ भारत अब बहुत अलग है। भारत आत्मविश्वास से भरा और साहसी है: उपराष्ट्रपति

### पाकिस्तान को हमले के बाद दी गई थी सूचना: विदेश मंत्रालय



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को पहले निशाना बनाया गया और बाद में पाकिस्तान को सूचना दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा, हमने डीजीएमओ के माध्यम से पाकिस्तान को बताया कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जवाब देने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। हमने हमले के बाद उन्हें बताया।

## हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दे पंजाब सरकार: नायब सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अहंकार में हैं, उन्हें पीने के पानी को लेकर इस प्रकार की राजनीति शोभा नहीं देती। इन महीनों में तो लोग जगह-जगह पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाते हैं। गुरुओं ने भी पानी पिलाने का संदेश दिया है। पंजाब की मान सरकार सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसले को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे राजनीति से ऊपर उठकर हरियाणा को उसके



हिस्से का पानी दे। मुख्यमंत्री वीरवार को लाडवा के रामकुंडी धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रदेश के विकास को लेकर मंत्रणा की गई। प्रदेश के कोने-कोने में विकास हो इसके लिए लिए नए-नए रास्ते खोले हैं। अमृत स्टेशन योजना के तहत कई रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में जो कार्य करवाए, उनका सभी को पता है। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में हुए बदलावों को जनता ने देखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकसभा क्षेत्रों, जिलों, उपमंडल स्तर और गांवों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं।

### पानी पर तकरार

☐ पीने के पानी पर मुख्यमंत्री भगवंत मान को अहंकार शोभा नहीं देता: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### भारत का कूटनीतिक संवाद आरंभ

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली** भारत के वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के विरुद्ध अपने प्रयासों और ऑपरेशन सिंदूर के



संदेश को साझा करने हेतु कूटनीतिक संवाद की शुरुआत की है। दो प्रतिनिधिमंडल क्रमशः जापान और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर हैं। यह संवाद भारत के विदेश नीति एजेंडे के तहत अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में जापान गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से भेंट की।

## दो टूक

इस बातचीत के दौरान भारत ने पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा-पार आतंकवाद पर अपना कड़ा रुख स्पष्ट किया

## भारत ने तुर्की-चीन से कहा, संबंध परस्पर संवेदनशीलता-सम्मान पर आधारित

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के साथ खड़े तुर्किये और चीन को स्पष्ट संदेश दिया है कि संबंध परस्पर संवेदनशीलता और सम्मान पर आधारित होते हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने 10 मई को चीन के विदेश मंत्री और सीमा मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि वांग यी से टेलीफोन पर वार्ता की। इस बातचीत के दौरान भारत ने पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा-पार आतंकवाद पर अपना कड़ा रुख स्पष्ट किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार



ने वांग यी को स्पष्ट रूप से बताया कि भारत सीमा-पार आतंकवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करता और इस संबंध में भारत का रुख पूरी तरह अडिग है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-चीन संबंध आपसी विश्वास, संवेदनशीलता और सम्मान की नींव पर आधारित हैं और इन मूल्यों के बिना संबंधों में प्रगति संभव नहीं है। दूसरी ओर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में तुर्किये को भी यही संदेश दिया। प्रवक्ता ने कहा, हम अपेक्षा करते हैं कि तुर्की पाकिस्तान से सीमा-पार आतंकवाद का समर्थन बंद करने और दशकों से पाले गए आतंकवाद पारिस्थितिकी तंत्र के विरुद्ध विश्वसनीय और प्रमाणिक कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। सीमापार आतंकवाद जिसे पाकिस्तान ने दशकों से अपने यहां आश्रय दिया है। जैसा कि आप जानते हैं, रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनते हैं। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि तुर्की के सेलेबी कंपनी से जुड़े मामले को भारत स्थित तुर्की दूतावास के साथ उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इस विशेष निर्णय को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा लिया गया है। भारत सरकार ने 15 मई 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ह्यसेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसकी संबद्ध कंपनियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह निर्णय नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा लिया गया।


### स्पष्ट संदेश

☐ भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने चीन के विदेश मंत्री और सीमा मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि से वार्ता की थी

## बीबीएमबी ने नए कोटे के अनुसार हरियाणा को दिया 10300 क्यूसेक पानी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि 15 मई को बीबीएमबी की एक तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें हरियाणा राज्य के लिए 10300 क्यूसेक पानी आवंटित किया गया। हरियाणा राज्य ने नरवाना ब्रांच की आरडी 160000 पर 3600 क्यूसेक और बीएमएल की आरडी 390000 पर 6700 क्यूसेक के वितरण के साथ हरियाणा संपर्क बिंदुओं पर आवंटित पानी छोड़ने के लिए दिनांक 19 मई को एक्सईएन/बीएमएल पटियाला को 10300 क्यूसेक का मांगपत्र दिया



और उसके अगले दिन एक्सईएन/बीएमएल पटियाला ने पानी छोड़ने के लिए बीबीएमबी को मांगपत्र दिया। 21 मई को बीबीएमबी ने संचालन मैनुअल के अनुसार लोहंद से दोपहर 1:35 बजे नांगल हाइडल चैनल में पानी बढ़ाना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा संपर्क बिंदु पर 10300 क्यूसेक में से 3600 क्यूसेक पानी नरवाना शाखा में छोड़ा जाएगा जो डब्ल्यूजेसी प्रणाली जींद, भिवानी, रोहतक, झज्जर और दक्षिणी हरियाणा के जिलों की जरूरतों को पूरा करेगा।

### आवंटित

☐ नरवाना ब्रांच पर 3600 क्यूसेक और बीएमएल पर 6700 क्यूसेक जल वितरण: सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी

## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र 1

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए शुद्धिपत्र जारी करते हैं।

**निविदा संख्या: -275780**

आरसीएनके/एसएनपी में एलएचबी कोचों की एमएलआर के दौरान कोचों के नवीनीकरण के लिए अनुबंध। **निविदा लागत:** जीएसटी सहित रु. 468922098.06/- (रु. छियालीस करोड़ नवासी लाख बाईस हजार अट्ठानवे और केवल छह पैसे)

| विवरन | मौजूदा मूल्य | संशोधित मूल्य |
|---|---|---|
| निविदा भरने की तारीख | 21.05.2025 | 28.05.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि का समय | 04.06.2025 15:00 | 11.06.2025 15:00 |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।
**पत्र सं. 275780 दिनांक: 22.05.2025** **1501/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03250006A | फ्लेक्सिबल पोली विनाइल क्लोराइड | 3709 मीटर | 16-06-25 |
| 02 | 03250006A | फ्लेक्सिबल पोली विनाइल क्लोराइड | 14836 मीटर | 16-06-25 |
| 03 | 03250999A | फ्लेक्सिबल पोली विनाइल क्लोराइड | 18031 मीटर | 16-06-25 |
| 04 | 03250999 | फ्लेक्सिबल पोली विनाइल क्लोराइड | 72121 मीटर | 16-06-25 |
| 05 | 15235200B | हाइड्रोलिक रेस्क्यू डिवाइस | 71 सेट | 20-06-25 |
| 06 | 09252321 | पी ओ एच किट फॉर सी 3 डब्लू टाइप डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 1657 सेट | 23-06-25 |
| 07 | 19250862 | सरजी अरेस्टर फॉर थ्री फेज लोको | 59 नग | 23-06-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 17/2025–2026 दिनांक–22.05.2025 1510/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-17-2025 | दिनांक 04.06.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (कार), साहिबाबाद, सापला (द्वितीय प्रवेश), सांपला (मुख्य प्रवेश), पानीपत (प्रथम प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर), टोहाना, मुजफ्फरनगर (साइकिल–स्कूटर–कार) = कुल 7 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:<br>1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।<br>2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान<br>3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता<br>4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण<br>5. फण्ड का लियन मार्किंग<br>6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)<br>7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055. Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |

संख्या: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 20.05.2025 1500/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या: 128-डब्लयू/269/ निविदा सूचना/24-25/डब्लयू–ई/ टेंडर नं .11 दिनांक 14.05.2025

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 16.06.2025 को 15:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) रेल भवन, दिल्ली में 5 वर्षों के संचालन और रखरखाव के साथ 160 कारों के लिए 20% ईवी चार्जिंग सुविधा के साथ स्वचालित बहुस्तरीय मशीनीकृत शटल कार पार्किंग प्रणाली का डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 403766729.60 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 2018900.00 |
| समापन अवधि | (ए) 75 महीने |

1. निविदा दिनांक 16.06.2025 को 15:30 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

1505/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यलय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| निविदा संख्या | 301843 |
|---|---|
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "आरसीएनके/एसएनपी में एसएस–I के दौरान वंदे भारत रेक (16 कोच) का फर्निशिंग कार्य"। |
| अनुमानित लागत | रुपये 5681237.34/– जीएसटी @ 18 % सहित |
| बयाना राशि | रुपये 113600/– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र आरंभ होने से साठ दिन |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 05.06.2025 समय 15:00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।
पत्र सं. 301843 दिनांक : 22.05.2024 1508/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अमन सिंह पुत्रः किरपाल सिंह, पताः** मकान नं. सी–142, गली नं. 02, परमहंस विहार, लक्ष्मी गार्डन, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, **FIR No. 809/2015, U/s 279/338 IPC,** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 809/2015, U/s 279/338 IPC,** थानाः कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमन सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायेशा चड्ढा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08
कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6409/N/2025**
**(Court Matter)**

# रेहड़ी पटरीवालो के लिए रोजगारी की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के रेहड़ी पटरीवालो को अधिकार दिलाने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को दिल्ली में गरीब झुग्गीवालों के लिए चिंता जाहिर की। उन्होंने सरकार पर झुग्गीवालों के लिए काम नही करने का आरोप लगाया और विरोध करने की बात की। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार को महंगाई और रिकार्ड बेरोजगारी झेल रहे झुग्गी झौपडी और रेहड़ी पटरीवालो के लिए रोजगारी की व्यवस्था करनी चाहिए। सिर्फ वोट बटौर के लिए चुनाव के दौरान नेताओं का झुग्गी बस्तियों में रात बिताना और रेहड़ी पटरी वालों का हितैषी बना गलत है। उन्होंने कहा कि अजीविका का अधिकार एक मौलिक अधिकार होने के बावजूद लोगों का रोजगार छीनने का काम किया जा रहा है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार ने देश भर में रेहड़ी पटरीवालों को उनकी अजीविका की सुरक्षा प्रदान करने के लिए अजीविका सरंक्षण कानून 2014 को अधिकार दिया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पांच लाख से भी अधिक रेहड़ी पटरीवाले है। जिनको स्थाई जगह और नियमित करने के लिए सरकारों को सर्वे किया जाना था और टाउन वेंडिंग कमेटियों को गठन करके उन्हें लाईसेंस जारी किया जाना था। लेकिन आम आदमी पार्टी ने अपने 11 वर्षों के शासन में रेहड़ी पटरी वालों को स्थाई जगह देने के लिए कोई काम नही किया बल्कि विकास के नाम पर इन्हें हटाने का काम कर रही है। यादव ने कहा कि झुग्गी झौपड़ी में रहने वाले मजदूरों ने दिल्ली मेट्रो, फ्लाई ओवर, गगनचुंबी इमारतें और हमारे घर बनाएं हैं।

# सेलेबी को सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के लिए सुनवाई या कारण बताना असंभव है

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने कहा है कि देश के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करने वाले तुर्की के कार्गो ऑपरेटर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड का सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करने का फैसला अप्रत्याशित परिस्थितियों में लिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि जब देश की सुरक्षा पर खतरा हो तो सरकार के लिए ये लगभग असंभव हो जाता है कि वो संबंधित कंपनी का पक्ष सुने। सेलेबी ने कहा है कि भारत के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का उसका करीब एक दशक का ट्रैक रिकॉर्ड साफ-सुथरा रहा है। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच इस मामले पर 23 मई को भी सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता कंपनी सेलेबी को न्यायिक समीक्षा का अधिकार है। लेकिन जब देश की सुरक्षा का सवाल हो तो नैसर्गिक न्याय का पालन करना जरुरी नहीं है। ये विधायिका पर छोड़ देना चाहिए। मेहता ने कहा कि एयरक्राफ्ट सिक्योरिटी रुल्स के नियम 12 का अधिकांशतः पालन किया गया है। सेलेबी कंपनी के प्रतिवेदन पर सरकार ने विचार किया था और उसके बाद अगले दिन आदेश पारित किया गया था। देश के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करने वाले तुर्की के कार्गो ऑपरेटर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ने सिक्योरिटी क्लीयरेंस को निरस्त करने के केंद्र के आदेश का विरोध करते हुए कहा है कि ये गैरकानूनी और मनमाना है। 21 मई को सुनवाई के दौरान सेलेबी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करते समय न तो उन्हें नोटिस दिया गया और न ही उनका पक्ष सुना गया। रोहतगी ने एयरक्राफ्ट सिक्योरिटी रूल्स के नियम 12 का हवाला देते हुए कहा था कि केंद्र सरकार ने नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन किया है। इस नियम के तहत नागरिक विमानन महानिदेशक सिक्योरिटी क्लियरेंस को निलंबित करते हैं और संबंधित कंपनी का पक्ष सुनते हैं। अगर महानिदेशक को लगता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है तो वो सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त कर सकते हैं। रोहतगी ने कहा था कि एयरक्राफ्ट सिक्योरिटी रुल्स के मुताबिक संबंधित कंपनी का पक्ष जानना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सेलेबी कंपनी में काम करने वाले सभी भारतीय हैं। 19 मई को हाईकोर्ट ने कहा था कि सॉरी बोलने से अच्छा है कि सुरक्षित रहें। मेहता ने कहा था कि दुश्मन दस बार कोशिश कर सकता है और एक बार सफल हो सकता है लेकिन देश को हर बार सफल होना होगा।

# दिल्ली में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तारः यूपी एटीएस ने की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद हारून को गुरुवार को उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया है। मोहम्मद हारून दिल्ली में स्क्रैप का काम करता है। साथ ही उस पर पाकिस्तान उच्चायोग में नियुक्त कर्मचारी मुजम्मल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तान का वीजा दिलवाने के नाम पर अवैध धन वसूली करने के साथ ही राष्ट्रहित से जुड़ी सुरक्षा संबंधित सूचना साझा करने का आरोप है। एटीएस ने केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। एटीएस ने उसके पास से दो मोबाइल और 16900 रुपये बरामद किए हैं। अभी तक की जांच में सामने आया है कि मोहम्मद हारून पुत्र अतीकुरर्हमान निवासी सीलमपुर, दिल्ली पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत मुजम्मल हुसैन नाम के व्यक्ति में संपर्क में था। हारून ने पूछताछ में बताया कि उसकी पाकिस्तान में रिश्तेदारी है, जिस कारण पाकिस्तान आने-जाने के दौरान वह मुजम्मल हुसैन के संपर्क में आया। मुजम्मल के साथ मिलकर हारून ने वीजा दिलाने के नाम पर अलग-अलग खातों में कई लोगों से पैसे जमा करवाए। हारून ने यह जानते हुए कि मुजम्मल पाकिस्तानी नागरिक है और पाकिस्तान उच्चायोग में काम करता है।


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा स्टेशन परिसर पर ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम/ATM)/डिजिटल बैंकिंग यूनिट/DBU's/बैंकिंग इ–लॉबी की स्थापना के अनुबंध लॉट्स/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या E-Catalogue No. | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| DLI-ATM-06-2025 | दिनांक 06.06.2025 को 11:00 बजे | जुलाना (1), निजामुद्दीन (1), दिल्ली शाहदरा (3), तिलक ब्रिज (2), करेन्थी (1), शिवाजी ब्रिज (2), विवेक विहार (1), किनाना (1), आनन्द विहार (1), समर गोपालपुर (1), निलोखेडी (1). |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | | आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंक/भारतीय सहकरी बैंक/व्हाइट लेबल एटीएम सेवा प्रदाता इत्यादि जिन्हें आरबीआई द्वारा एटीएम/डी. बी. यू./बैंकिंग इ–लॉबी स्थापित करने और संचालित करने की अनुमति/लाइसेंस प्राप्त है) को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: • ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण–ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता, एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता, आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आई आर ई पी एस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डी.आर.एम. कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 Email: publicitycelldli@gmail.com Tel: 011-23743084 |

सं.: 3PUB/ATM/DLI-DIV/E-auction/2022 1497/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरजीत, पुत्र** : श्री दलेर सिंह, **पताः** डी–6/30, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 211/2012 U/s 498A / 406 / 34 IPC, थानाः भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरजीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 211/2012 U/s 498A / 406 / 34 IPC, थानाः भारत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रीति राजौरिया**
महानगर दंडाधिकारी
कमरा नं. 18, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6055/NW/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **बेदो पत्नीः श्री मान सिंह, पताः** झुग्गी नं. 140/133, टी हट्स, मुबारकपुर बाग पीछे मॉडल टाउन, दिल्ली, **CC NI Act/396/2021 U/s 138 NI Act,** थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बेदो** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बेदो** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **CC NI Act/396/2021 U/s 138 NI Act,** थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बेदो** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री हिमांशी त्यागी**
जेएमएफसी/एनआई एक्ट/डिजिटल कोर्ट
उत्तरी जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6032/RD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **शाम आजाद उर्फ मैडी, पुत्रः स्वर्गीय श्री जगदीश चंद, निवासीः मकान नंबर 8018, गली नंबर 10, मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, दिल्ली और मकान नंबर 2340, बस्ती पीपल वाली, सदर बाजार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.018/2020, E-FIR No.30/2020 & E-FIR No.52/2020 ALL U/S 356/379/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना राजिंदर नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **शाम आजाद उर्फ मैडी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **शाम आजाद उर्फ मैडी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा कि **FIR No.018/2020, E-FIR No.30/2020 & E-FIR No.52/2020 ALL U/S 356/379/34 IPC, थाना राजिंदर नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **शाम आजाद उर्फ मैडी** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **19.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री प्रीति
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
मध्य जिला, कमरा नं.150
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6274/CD/2025**
(अदालती मामला)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **सचिन उर्फ सिवी उर्फ सिनी, पुत्रः स्वर्गीय कृष्ण कुमार खत्री, निवासीः मकान नंबर 563, छोटी चौपाल, ग्राम बांकनेर, नरेला, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.30/2025 dt.30.01.2025 U/S 25/54/59 आर्म्स एक्ट** के तहत एक मामला **थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **सचिन उर्फ सिवी उर्फ सिनी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सचिन उर्फ सिवी उर्फ सिनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा कि **FIR No.30/2025 dt.30.01.2025 U/S 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अभियुक्त **सचिन उर्फ सिवी उर्फ सिनी** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **03.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार अनुज कुमार सिंह
मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, नई दिल्ली जिला,
26, ग्राउंड फ्लोर, एनेक्सी बिल्डिंग,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/6306/Crime/2025**
(अदालती मामला)


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं0:** 2420252026 **दिनांक:** 20.05.2025

### ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्र.सं.: 1** | **ई निविदा सूचना सं.:** 2420252026-83 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 4,05,28,974.39
**कार्य का नाम:** संयुक्त निविदा: (ए) रेलगांव में हरियाली, भूनिर्माण, सिंचाई प्रणाली, पथ-पथ और अन्य संबंधित सुविधाएं प्रदान करके इको पार्क का विकास। (बी) रेलगांव में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वर्षा जल संचयन, निचले इलाकों में मिट्टी भरने और अन्य संबंधित कार्य का प्रावधान।
**अमानत राशि (रू. में):** ₹ 3,52,700.00 | **कार्य समापन की अवधि:** 08 माह
**निविदा बंद होने की तिथि : 12.06.2025 को 12.00 बजे**
**कार्य की प्रकृति:** क्रिकेट मैदान/खेल मैदान का निर्माण/रखरखाव।

**क्र.सं.: 2** | **ई निविदा सूचना सं.:** 2420252026-84 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 2,03,79,999.00
**कार्य का नाम:** DEN/E/PRYJ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वनरोपण और हरित क्षेत्र का विकास।
**अमानत राशि (रू. में):** ₹ 2,51,900.00 | **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह
**निविदा बंद होने की तिथि : 12.06.2025 को 12.00 बजे**
**कार्य की प्रकृति:** बागवानी कार्य।

**क्र.सं.: 3** | **ई निविदा सूचना सं.:** 2420252026-85 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 1,34,24,246.00
**कार्य का नाम:** सूबेदारगंज:- सूबेदारगंज में CPOH एवं TMC/Line के विभिन्न स्टोरों में सुधार।
**अमानत राशि (रू. में):** ₹ 2,17,100.00 | **कार्य समापन की अवधि:** 06 माह
**निविदा बंद होने की तिथि : 12.06.2025 को 12.00 बजे**
**कार्य की प्रकृति:** काई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

**क्र.सं.: 4** | **ई निविदा सूचना सं.:** 2420252026-86 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 45,41,058.95
**कार्य का नाम:** सूबेदारगंज- IRTMTC परिसर में एक 25000 गैलन RCC ओवरहेड टैंक का प्रावधान।
**अमानत राशि (रू. में):** ₹ 90,800.00 | **कार्य समापन की अवधि:** 04 माह
**निविदा बंद होने की तिथि : 12.06.2025 को 12.00 बजे**
**कार्य की प्रकृति:** लागू नहीं।

नोट:- (1) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। **884/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मै जो कि लखी राम पुत्र काशी राम निवासी गांव सनपेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका बाबरू भान व उसकी पत्नी ज्योति मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते है। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मै जो कि सतबीर पुत्र रण सिंह निवासी गांव आहुलाना तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका आशीष व उसकी पत्नी निधि मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एनसीआर में कोरोना की दस्तक, सावधान रहें

सिक्योरिटी गार्ड मिला संक्रमित, पता लगाया जा रहा वेरियेंट; स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट, संक्रमित सिक्योरिटी गार्ड ने अपने आप को किया क्वारंटाइन

**अलर्ट मोड**

**फरीदाबाद जिले में मिले कोरोना संक्रमित मरीज 28 साल के सिक्योरिटी गार्ड की हालत अब बेहतर**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** फरीदाबाद जिले में ढाई साल बाद मिले कोरोना संक्रमित मरीज 28 साल के सिक्योरिटी गार्ड की हालत अब बेहतर है। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से वेरियेंट का पता लगाने के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल भेजा जा चुका है। अब इसकी रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमित युवक का पता चलने पर उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों का भी कोविड टेस्ट कराया गया। लेकिन उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

**गार्ड हुआ क्वारंटाइन**

कोविड टेस्ट के बाद संक्रमित सिक्योरिटी गार्ड ने अपने आप को 12 से 14 दिन के लिए क्वारंटाइन कर लिया। जिसके बाद युवक की हालत स्थिर है। स्वास्थ्य विभाग ने उसके परिजनों को कोविड प्रोटोकोल का पूरी तरह से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

**अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य विभाग**

सेहतपुर एरिया का रहने वाला 28 वर्षीय युवक दिल्ली के एक मॉल में बतौर सिक्योरिटी गार्ड कार्यरत है। 2 मई को चिकित्सकीय परामर्श के लिए दिल्ली सफदरजंग अस्पताल गया था। वहां पर खासी-जुकाम होने के चलते डॉक्टर ने युवक का कोविड टेस्ट किया गया। जिसके बाद युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। कोरोना का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। फिलहाल युवक की हालत स्थिर है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। मामला स्वास्थ्य विभाग के सज्ञान में आने के बाद भी मरीज ओपीडी में बिना मास्क के दिखाई दिए।

**ओपीडी में पहुंचने वाले मरीज मास्क का उपयोग नहीं कर रहे**

कोरोना मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इसके लिए अस्पताल में सभी कर्मचारियों व चिकित्सकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना टेस्टिंग सुविधा शुरू की जा रही है। अस्पताल में मेडिकल स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है। सभी तैयारियां करने के बावजूद भी ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीज बिना मास्क के चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए पहुंच रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी ओपीडी में सभी मरीज बिना मास्क के दिखाई दिए।

# सेवा, समर्पण और स्वाभिमान के पथ पर आगे बढ़े युवा वर्ग: सीएम

**सर्वोपरि**

**ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि अपने नागरिकों की रक्षा उनके लिए सर्वोपरि**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के बहादुर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, इससे पूरे विश्व को भारत के शौर्य का संदेश मिला है और देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि अपने नागरिकों की रक्षा उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि अब तक हमने अनेक सैन्य अभियानों को देखा है, परंतु ऑपरेशन सिंदूर मानवीय, तकनीकी दक्षता और तेज रणनीति की अद्भुत मिसाल है।

मुख्यमंत्री आज जिला कुरुक्षेत्र के लाडवा शहर में ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा से पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। भारी संख्या में उपस्थित युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री की अगुवाई में तिरंगा यात्रा में भाग लिया और देश के वीर सैनिकों व ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में चलाई जा रही इस मुहिम में बढ़चढ़ कर योगदान दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रामकुंडी धर्मशाला के सभागार में पहलगाम के बलिदानियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान की सरजमीं पर जाकर आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने का काम किया है।

ऐसा करके संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता की तरफ आंख उठाने का अंजाम बहुत बुरा होता है। पाकिस्तान की जमीं पर जाकर आतंकवादी अड्डों को चुन-चुन कर मिट्टी में मिलाने का काम जांबाज सैनिकों ने किया है।

# दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में रोहिणी में निकाली गई तिरंगा यात्रा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को रोहिणी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भारतीय सेना के साहस, बलिदान और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित रही, जिसने देश के रक्षा इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। यात्रा की शुरूआत सेक्टर-14 रोहिणी स्थित महेश्वरी अपार्टमेंट से हुई और यह यात्रा प्रशांत विहार के सेंट्रल मार्केट में समाप्त हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्लूएएस) एवं व्यापार मंडलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोहिणी वार्ड से नगर निगम पार्षद प्रवेश वाहि भी इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों के साथ, भारतीय सेना के प्रति अपने सम्मान को प्रकट करते हुए यात्रा में भाग लिया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा उन वीर सैनिकों को एक सशक्त श्रद्धांजलि है जो अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के रक्षा इतिहास में एक निर्णायक क्षण था, जिसने हमारे सैनिकों की शक्ति और संकल्प को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।

# दिव्यांगों को मिलेंगे आधुनिक और बेहतर उपकरण: रविंद्र इंद्राज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी-एसटी कल्याण और सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि दिव्यांगों को आधुनिक और बेहतर उपकरण मिलेंगे। यह बात उन्होंने कानपुर स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय में निर्माण इकाई का निरीक्षण करते हुए कही। रविंद्र इंद्राज ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगों के सशक्तीकरण की दिशा में देश में चल रहे सुगम्य भारत अभियान को सफल बनाने में दिल्ली सरकार प्रभावी ढंग से जुटी हुई है। इसी क्रम में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय जाकर नवीनतम सहायक उपकरणों की जानकारी ली।

# सरकार जुलाई में रोजगार मेला आयोजित करेगी

**पहल**

**रोजगार दिलाने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जाएगा युवा और नौकरी देने वाले संस्थान सीधे संपर्क कर सकेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के अपने संकल्प के तहत वर्ष 2025-26 में एक बड़े रोजगार मेले (जॉब फेयर) का आयोजन करने जा रही है। इस संबंध में दिल्ली सरकार के श्रम (रोजगार) मंत्री कपिल मिश्रा ने रोजगार निदेशालय के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक का उद्देश्य दिल्ली के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रणनीति तैयार करना और विभिन्न विभागों व औद्योगिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करना था। मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार मेले का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जाएगा जहां नौकरी तलाशने वाले युवा और नौकरी देने वाले संस्थान सीधे संपर्क कर सकेंगे। इस दिशा में पहला विशाल रोजगार मेला जुलाई 2025 में आयोजित करने का प्रस्ताव है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल महासंघ (एफआईसीसीआई), वाणिज्य और उद्योग के भारतीय मानक (डीआईसीसीआई), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी (डीएसईयू), शिक्षा विभाग की वोकेशनल ब्रांच, जीजीआईपीयू के अंतर्गत आने वाले कॉलेज/संस्थान, होटल, अस्पताल आदि सभी को रोजगार देने वाले संभावित संस्थानों और युवाओं के डेटा को इकट्ठा करने के लिए पत्र/ईमेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी। श्रम मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग व शिक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले सभी तकनीकी संस्थानों व विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों के प्लेसमेंट तथा रोजगार उपलब्ध कराने वाली कंपनियों की जानकारी शीघ्र एकत्रित की जाए।



## न्यूज फ्लैश

### ऑलिव ग्रीन इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** जिला अंबाला कराटे चैंपियनशिप 2025 के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए ऑलिव ग्रीन इंटरनेशनल स्कूल में एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन उत्साह, उल्लास और उपलब्धियों की भावना से भरपूर रहा। समारोह की शुरूआत स्कूल की प्रधानाचार्या द्वारा गर्मजोशी से स्वागत भाषण के साथ हुई, इसके बाद प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक परियोजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनकी मेहनत और लगन के लिए ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष झलक जिला कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने वाले छात्रों का सम्मान था। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा कराटेकाओं को पदकों से नवाजा गया। उनकी लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए, स्कूल ने सभी प्रतिभागियों को नए कराटे यूनिफॉर्म भी भेंट किए ताकि वे गर्व के साथ अपने प्रशिक्षण को जारी रख सकें। कार्यक्रम का समापन समूह चित्र और आयोजक समिति द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना करती है जीवन को सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पाानीपत, (कमाल हुसैन)**

सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना किसी भी संकट की स्थिति मे परिवार के लिए सुरक्षा चक्र का काम करती है। यह योजना बैंक खातों के माध्यम से जुड़ी होती है। इसमें हादसों में होने वाली असमय मृत्यु और अंग-भंग होने पर आर्थिक मदद मिलने के साथ-साथ पेंशन योजना का लाभ भी शामिल है। खाता धारक को सालाना नाममात्र राशि प्रीमियम के तौर पर देनी होती है। यह मामूली राशि परिवार के लिए मुसीबत की घड़ी में बहुत सहारा प्रदान करती है। उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि बैंकों के माध्यम से सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के नाम से बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई हादसा होता है तो वह परिवार के लिए मुसीबत बन जाता है। ऐसे में यदि किसी बीमा योजना से जुड़े होते हैं तो परिवार को आर्थिक मदद मिल जातिी है, जो बहुत बड़ा सहारा होती है। सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाएं इस मुसीबत की घड़ी में बड़ी सहायक साबित होती हैं। लोगों को चाहिए कि वे अपने संबंधित बैंक में जाकर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुडें। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना शामिल हैं। ये सभी योजनाएं संकट की घड़ी में बहुत ही मददगार बनती हैं। इन योजनाओं का लाभ उन्हीं लोगों को मिलता है, जिनके बैंक में खाते होते हैं और इन योजनाओं के लिए निर्धारित राशि सालाना प्रीमियम के तौर पर अदा करते हैं।

# विज ने अपने आवास पर कैंट क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना

## नगर परिषद की दुकानों के किराएदारों का किराया तय नहीं होने पर विज ने ईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए

**दिशा निर्देश**

- लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। नगर परिषद की दुकानों के किराएदारों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए कहा कि नगर परिषद उनकी दुकानों का किराया तय नहीं कर रही है और न ही उनका किराया जमा करवा रही है। इस पर मंत्री अनिल विज ने ईओ को इस मामले में कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। गांव पंजोखरा साहिब से आए निवासियों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि तोपखाना से पंजोखरा साहिब रोड पर कालोनी में नाला बन रहा है जोकि उनकी कॉलोनी तक बनाया जाए। इसपर मंत्री अनिल विज ने संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। अम्बाला छावनी निवासी महिला ने शिकायत में कहा कि वह मल्टीनेशनल कंपनी में डिवेल्पर के तौर पर काम करती थी और कंपनी ने उसे जबरन निकाल दिया। कंपनी से निकालने के बाद उसके लाभ की भिन्न-भिन्न राशि नहीं दी गई। मामले में उसने लेबर कोर्ट में केस दायर किया। इसके बाद कंपनी ने तीन लाख रुपया सेटलमेंट अमाउंट तय किया, मगर यह राशि भी उसे अब तक नहीं मिली है। श्रम मंत्री अनिल विज ने इस मामले में लेबर कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार गणपति काम्पलेक्स निवासी दंपत्ति ने उनकी दुकान का मीटर किसी और के नाम होने पर आ रही परेशानी से अवगत कराया। बब्याल निवासी कई युवाओं ने एक कंपनी के खिलाफ शिकायत देते हुए उन्हें नौकरी से निकालने और तनख्वाह नहीं देने की शिकायत दी। छावनी निवासी महिला ने घर का मीटर खराब होने, महेशनगर निवासी परिवार ने मीटर की गलत रीडिंग के कारण बिल लाखों में आने व अन्य शिकायतें आई जिसपर मंत्री अनिल विज ने कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

## डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में मनाया ग्रीन डे



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के प्रांगण में कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने ग्रीन डे मनाया गया। सभी छात्रों ने हरे रंग के कपड़े पहने व टिफिन में भी हरी सब्जियां व फल लेकर आये। इस उपलक्ष्य में दोनों कक्षाओं के छात्रों ने एक सुन्दर गीत की प्रस्तुति दी।

इसी दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी साइकिलें चलाते हुए सेव ट्री सेव अर्थ के नारे लगाते हुए विद्यालय के चक्कर लगाए व लोगों को वृक्ष लगाने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम तीसरी व चौथी कक्षा की

**प्रस्तुति**

- हरे रंग के कपड़े पहने व टिफिन में भी हरी सब्जियां व फल लेकर आये। दोनों कक्षाओं के छात्रों ने एक सुन्दर गीत की प्रस्तुति दी

कोऑर्डिनेटर वंदना व अध्यापिकाओं के सहयोग से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने सभी छात्रों के इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की व भविष्य में भी ऐसे ही छात्रों को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया व कहा कि अपने घरों के आसपास भी सभी छात्र वृक्ष लगाने का प्रयास करें।

## ऑपरेशन अभ्यास में एयर स्ट्राइक व आगजनी पर शुगर मिल में की गई मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद:** उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में ऑपरेशन अभ्यास के तहत एयर स्ट्राइक व आगजनी की घटनाओं को लेकर शुगर मिल में सफल मॉक ड्रिल की गई। यह अभ्यास एसडीएम लाडवा डा. चिनार चहल की देखरेख में किया गया। किसानों व कर्मचारियों को आगजनी से निपटने के लिए रिहर्सल करवाई गई। आपातकाल की स्थिति से निपटने के लिए सामान्य नागरिकों को बरते जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाया गया। एसडीएम डा. चिनार चहल ने कहा कि एयर स्ट्राइक व आगजनी होने की स्थिति में पैनिक नहीं होना है। साथ ही इस दौरान बचाव के तरीकों को प्रयोग में लाना है। किसी बिल्डिंग में होने पर सीढ़ियों का प्रयोग करना है। लिफ्ट का प्रयोग करने से बचना है। फायर सेफ्टी के यंत्रों का प्रयोग करें। बिल्डिंग के लिए बने नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य ऐसी स्थिति होने पर सामने आने वाली कमियों को पूरा करना है। ताकि आमजन की सुरक्षा के लिए सभी बंदोबस्त समय पर ही पूरे कर लिए जा सकें।

## हथियारों की तस्करी के मामले में अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौन्द सहित आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी काबू**

- वह गांधी ग्राउंड अम्बाला छावनी में घूम रहा है, जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र गांधी ग्राऊंड अम्बाला छावनी से अवैध हथियारों की तस्करी मामले में 21 मई 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिकेत निवासी दीना की मंडी अम्बाला छावनी थाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को अवैध देसी कट्टा व जिन्दा रौन्द सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 21 मई 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है और वह गांधी ग्राउंड अम्बाला छावनी में घूम रहा है, जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-2 के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए गाँधी ग्राउैड अम्बाला छावनी से संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे अवैध देसी कट्टा व जिन्दा रौन्द बरामद किया। आरोपी की पहचान अनिकेत निवासी दीना की मंडी अम्बाला छावनी थाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे अवैध हथियार देसी कट्टा व जिन्दा रौन्द सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

## बाढ़ की रोकथाम को लेकर प्रशासन रणनीति बनाकर करेगा कार्य: उपायुक्त

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



जिले में बाढ़ से बचाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में विभिन्न जरूरी विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों से बाढ़ की रोकथाम को लेकर अपडेट भी लिया। इसके लिए हमें अभी से अपने आप को मजबूत करना है। इसके लिए पूरी चौकसी बरतनी है व उन गांवों पर निगरानी बरतनी है जहां बाढ़ की संभावना ज्यादा बनती है। हमें इस बार पिछले वर्ष किसी भी हाल में बाढ़ से होने वाले नुकसान की पुनार्वृति नहीं होने देनी है। उपायुक्त ने इस बारे में सभी बांधों पर निगरानी बरतने व नहरों बौर तालाबों की साफ- सफाई रखने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये। उपायुक्त ने एसडीएम समालखा को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के उन गांवों का दौरा करें जो गांव यमुना के आसपास हैं। उपायुक्त ने इसकी रिपोर्ट तैयार करके अतिशीघ्रता से भेजने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी का भी गठन किया। उपायुक्त ने बताया कि समालखा का कुछ क्षेत्र बाढ से प्रभावित होता है। हमें बाढ़ के नुकसान से बचाने को तैयार करना है। उन्होंने जिले में कितने रिंग बांध है उनका स्टेटस क्या है इस पर भी चर्चा की।

**मांग**

- उपायुक्त ने बांधों की निगरानी, नहरों और तालाबों की साफ-सफाई के अधिकारियों को दिये निर्देश

## हर व्यक्ति को एक पौधा अपने मां के नाम से लगाना चाहिए: विजय लक्ष्मी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल ? हुसैन )**



भगवान परशुराम शिक्षण महाविद्यालय, नारा (पानीपत) में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीएफओ विजय लक्ष्मी (आईएफएस) ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण करके की गई। डीऑफओ ने कहा कि हर व्यक्ति को एक पौधा मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने से पर्यावरण संरक्षण होता है। यह जीवन को गति देने के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में स्कूल के 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जैव विविधता संरक्षण पर निबंध, चित्रकला और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 25 विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि सम्मानित किया गया। डीएफओ विजया लक्ष्मी आईएफएस ने जैव विविधता संरक्षण पर अपने अनुभव सांझा किए और विद्यार्थियों को हमारे जीवन में स्वस्थ पर्यावरण के क्या लाभ है के बारे में समझाया।

## कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.एड. तृतीय सेमेस्टर (आईयूएमएस), बी.एससी./बी.एड. प्रथम, तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर (रि-अपीयर), बी.सी.ए. तृतीय सेमेस्टर ( रि-अपीयर), बीएससी. (होम साइंस) तृतीय सेमेस्टर, बीएफए 7वां सेमेस्टर, एमसीए प्रथम सेमेस्टर आईयूएमएस परीक्षाओं परिणाम घोषित किए हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर डीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क व गंभीरता से कार्य कर रहा है। वीरवार को उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में जिला सचिवालय स्थित सभागार में सडक सुरक्षा की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें यातायात प्रबंधन, सड़क दुर्घटनाओं में कमी और जन-जागरूकता को लेकर विभिन्न विभागों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए एक तरफ जहां पुलिस व अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं, वही दूसरी तरफ जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग पुलिस, आरटीए, एनएचएआई, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विभाग मिलकर रोड सेफ्टी को समन्वयता के साथ कार्य करें। मीटिंग के दौरान बीते माह ट्रैफिक पुलिस व आरटीए द्वारा काटे गए ट्रैफिक चालान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डीसी ने कहा कि सडक सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक विभाग को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को हाइवे पर अवैध कटों को तुरंत बंद करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कट अक्सर सडक दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि एनएच पर जितने भी ढाबों ने अवैध कट खोल रखे हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

**रोड सेफ्टी**

- उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक आयोजित

## समाधान शिविर में नागरिकों की समस्या: एसडीएम ब्रह्मप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्गदर्शन का प्रदेश के लोगों को बड़ी मात्रा में लाभ मिल रहा है। प्रदेश भर में जिले व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का निस्तारण प्रशासन कर रहा है। इसको लेकर नागरिक भरोसा रखें। एसडीएम ने कहा कि जिले में जनता समाधान शिविर के सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। अधिकारियों के मजबूत नेतृत्व से नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। लोग बेझिझक होकर समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रख रहे हैं। अधिकारियों के सहयोग से उनका तत्काल समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता समाधान शिविर में लक्ष्य के क्रियान्वयन को लेकर अपनी भूमिका निभाएं। समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का अपने ज्ञान व कुशलता के माध्यम से समाधान कर आम जन का हित करें। शिविर में जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह व नगराधीश टीनू पोसवाल ने समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर में अपनी रूचि दिखानी चाहिए। लोगों का समाधान शिविर के प्रति जो विश्वास जमा है, उसे दुरस्त रखना है। लोगों की समस्याओं का समाधान जिस गति से हो रहा है। यह खुशी की बात है। प्रशासन के प्रति लोगों की उम्मीदों में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर समाधान शिविर में पहुंचे और अपने-अपने विभागों की समस्याओं का कम से कम समय में ज्यादा सम ज्यादा समस्याओं का समाधान करें। उप पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक सुरेश सैनी ने पुलिस विभाग से सम्बंधित जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समस्याओं को लेकर अधिकारियों को और गांभीरता से कार्य करना होगा। अधिकारी जनता समाधान शिविर में आने वाली जन समस्याओं में रूचि लेकर उनका तत्काल समाधान करें। अधिकारियों का समस्याओं के समाधान के प्रति किसी भी प्रकार का उदासीन रवैया नहीं होना चाहिये।

**जनसमस्या**

- उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समस्याओं को लेकर अधिकारियों को और गंभीरता से कार्य करना होगा

## पानीपत में मध्यवर्ती व आम पंचायत चुनाव 15 जून को: निर्वाचन आयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

जिला में मध्यवर्ती एवं आम पंचायत चुनाव रविवार 15 जून 2025 को कराए जाएंगे। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप एवं आम चुनावों के लिए विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अधिसूचना के अनुसार 24 मई से लेकर 30 मई तक नामांकन किए जा सकते हैं। दो जून को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने दी।

उन्होंने बताया कि जिला के समालखा खंड के चुलकाना के लिए पंच (महिला), जौरासी सर्फ खास के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य), सिम्बलगढ़ के लिए पंच (पिछड़ा वर्ग-ए, महिला), वजीरपुर टिटाना के लिए पंच (महिला) के पद रिक्त हुए हैं। इसी प्रकार सनौली खुर्द खंड के झाम्बा के लिए पंच के लिए (पिछड़ा वर्ग-ए, महिला, महिलाओं के अलावा अन्य), खरड़ के लिए पंच (महिला), धनशौली के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य), छाजपुर खुर्द के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य) के पद रिक्त हुए हैं। इसी प्रकार बापौली खंड के पसीना कलां के लिए पंच (अनुसूचित जाति, महिलाओं के अलावा अन्य), जलमाना के लिए पंच (अनुसूचित जाति, महिला) के पद रिक्त हुए हैं। इसके अलावा अन्य), बुडशाम के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य), काकौदा के लिए पंच (महिलाओं के अलावा अन्य) के पद रिक्त हुए हैं।

**कार्यक्रम**

- अधिसूचना के अनुसार 24 मई से लेकर 30 मई तक नामांकन किए जा सकते हैं

# आर्य कॉलेज में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कल्याण मार्ग**

**उपभोक्ता संरक्षण और साइबर जागरूकता रहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झ डॉ. गुप्ता**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** देश की दूरसंचार सेवाओं को संचालित करने वाली संस्था भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) शाखा जयपुर, आर्य पीजी कॉलेज की एनएसएस, महिला सेल, कानून जागरूकता प्रकोष्ठ व यूथ रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में उपभोक्ता संरक्षण और साइबर जागरूकता के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ट्राई संस्था के संयुक्त सलाहकार जेपी गर्ग एवं वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी संजीव कुमार और अमित कुमार ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्राचार्य ने महिला सेल, कानून जागरूकता प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. अनुराधा सिंह, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के समन्वयक डॉ. विजय सिंह, एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता, डॉ. मनीषा डुडेजा को कार्यशाला के सफल आयोजन पर बधाई दी।

प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण और साइबर जागरूकता, दूरसंचार क्षेत्रों की नवीनतम तकनीकों और नियामक मामलों के बारे में जागरूक करना और छात्रों को दूरसंचार उद्योग में करियर के अवसरों के बारे में जानकारी देना रहा। साथ ही कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य वक्ताओं ने छात्रों को दूरसंचार उद्योग में करियर के अवसरों और चुनौतियों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि वह बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत रह सके।

इस कार्यशाला में हिन्दी साहित्य परिषद के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

साथ ही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ट्राई संस्था के संयुक्त सलाहकार जेपी गर्ग एवं वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी संजीव कुमार और अमित कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि ट्राई का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और उपभोक्ता हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ती तकनीक के साथ हमे अपनी सतर्कता को भी बढ़ाना चाहिए और नई तकनीक से हमेशा अवगत रहना चाहिए।

कार्यक्रम में साइबर अपराध और सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता, फर्जी खबरों का पता लगाना, साइबर अपराध से निपटने के लिए कानूनी ढांचा, साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई के लिए दूरसंचार विभाग की भूमिका, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, साइबर अपराध उपयोगकर्ता जागरूकता और रोकथाम आदि विषयों पर वक्ताओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। सेमिनार के दौरान सभी वक्ताओं ने डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम की समन्वयक एवं प्रेरक वक्ता मोहिन्दर कौर कटारिया ने कहा कि ट्राई का उद्देश्य ना केवल संचार नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि यह आसानी उपलब्ध, सुलभ, प्रासंगिक और सस्ती हो जो डिजिटल अर्थव्यवस्था में भागीदारी के लिए व्यक्तियों और समुदाय को सक्षम बना सके ।

# पीने के पानी पर पंजाब मुख्यमंत्री को अहंकार शोभा नहीं देता:सैनी

**आग्रह**

**पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के फैसले को करना चाहिए स्वीकार :मुख्यमंत्री नायब सिंह :सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा** : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान अहंकार में हैं। उन्हें पीने के पानी को लेकर इस प्रकार की राजनीति शोभा नहीं देती। इन महीनों में तो लोग जगह-जगह पानी पिलाते हैं। इतना ही नहीं हमारे गुरुओं ने भी पीने का पानी पिलाने का संदेश दिया है। इसके साथ ही पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को फैसला को भी स्वीकार करना चाहिए। मेरा पंजाब के मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वो राजनीति से ऊपर उठकर हमारे हिस्सा का पानी प्रदेश को दें ।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को लाडवा के रामकुंडी धर्मशाला के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रदेश के विकास को लेकर चर्चाएं की गई, विकास के लिए प्रधानमंत्री ने मार्गदर्शन किया है। प्रदेश के कोने-कोने में विकास हो इसके लिए लिए नए-नए रास्ते खोले हैं। अमृत स्टेशन योजना के तहत कई रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में जो कार्य करवाए, उनका सभी का पता है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में बदलता भारत दिखा जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ असामाजिक तत्व देश व प्रदेश की जानकारी पाकिस्तान को भेजते हुए पाए गए हैं। उनकी जांच की जा रही है। इस मामले में सोशल मीडिया से जुड़े अन्य लोगों की भी बारीकि से जांच करवाई जा रही है। भारतवासी होकर देश में रहते हुए ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकसभा क्षेत्रों, जिलों, उपमंडल स्तर और गांवों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। पूरे देश एकजुट होकर इन तिरंगा यात्रियों में शामिल हो रहा है।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी, सुभाष कलसाना, चेयरमैन धर्मवीर डागर, भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र गोल्डी, जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, नगर पालिका चेयरमैन साक्षी खुराना, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पुलिस टीम ने ग्रीन फिल्ड स्कूल में स्कूली बच्चों को किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी में वीरवार को पुलिस विभाग की टीम ने ग्रीन फिल्ड स्कूल में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों बारे जानकारी दी। यातायात कोर्डिनेटर वीरेंद्र विक्रम ने छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया ।छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए यातायात कोर्डिनेटर वीरेंद्र विक्रम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का बहुत बड़ा कारण मानवीय भूल है। यदि हम यातायात नियमों की पालना सही तरीके से करे तो सड़क हादसों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नाबालिग द्वारा वाहन चलाना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम स्कूल के नियमों की पालना करते हुए जीवन में आगे बढ़ते



हैं उसी प्रकार यातायात के नियमों की पालना करना अति आवश्यक है। यदि हम यातायात नियमों की पालना जागरुकता के साथ करते हैं तो सडक दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालकों को नियमों की पालना करते हुए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना चाहिए। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी-छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। पुलिस विभाग की टीम द्वारा छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों से सम्बंधित शपथ दिलवाई गई। जिला ट्रैफिक समन्वयक ने विद्धार्थियों को साइबर सुरक्षा के बारे में भी जानकरी दी। उन्होंने बताया कि साईबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी कभी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं,कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से, कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फॉरवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ई-मैल,व्यटसएप, फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर उनको साईबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते।

## युवक अपनी गर्दन काट नहर में कूदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पश्चिमी यमुना नहर पर गुरुवार सुबह एक युवक ने पहले अपने गले पर चाकू से वार किया और फिर नहर में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा उसको बचाने की कोशिश की गई, लेकिन बावजूद इसके युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। फिलहाल युवक की तलाश में नहर में सर्च अभियान शुरू किया गया है। परिजनों के अनुसार युवक रोजगार न मिलने से परेशान था। पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक कुंजपुरा थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर का रहने वाला 35 वर्षीय युवक अभिनव युवक गुरुवार सुबह बाइक लेकर पश्चिमी यमुना नहर पर काछवा पुल के पास पहुंचा। बाइक को किनारे पर खड़ी करके वह पास में ही लगी चाय की टपरी पर चला गया। युवक ने चाय की टपरी से चाकू उठा लिया।

## मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के मोहिदीनपुर गांव में एक मकान में गुरुवार को अचानक आग लग गई। हादसे में करीब 7 लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना के समय घर में केवल परिवार की बेटी मौजूद थी। उसने समय रहते शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिना देर किए आग बुझाने में जुट गए। पाइप और बाल्टी से पानी डालकर आग को काबू में किया गया। लोगों ने बताया कि सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंची। मोहिदीनपुर गांव के प्रदीप और रामकुमार ने बताया कि वे मजदूरी का काम करते हैं। दिन में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के कारण उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। पीछे से मकान में आग लग गई।

आग लगने का कारण फिलहाल बिजली तारों में हुई शॉर्ट सर्किट ही माना जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि पूरे मकान में लपटें फैल गईं।

दीवारें काली हो गईं और दरवाजे जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। आग बुझाने के बाद भी मकान से काफी देर तक गर्मी और धुंआ निकलता रहा। परिवार का सारा सामान जल चुका था और अंदर कदम रखना भी मुश्किल था। पीछे से घर में केवल बेटी थी। घर में दो महीने पहले ही बिजली की फिटिंग करवाई थी। इनके तारों में ही शॉर्ट सर्किट हुआ लगता है।

मकान मालिक प्रदीप ने बताया कि उनके पास जो भी था, वह सब कुछ इस आग में खत्म हो गया। गहने, कैश, कपड़े, फर्नीचर, जरूरी दस्तावेज, कुछ भी नहीं बचा। यहां तक कि पहनने के लिए भी कपड़े नहीं बचे है, जो पहने हुए हैं वे ही है। प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोमल ने पीएचडी कक्षा में महेंद्रगढ़ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**
नांगल चौधरी ।हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में कोमल गुर्जर पुत्री रामसरूप लुजोता ने जय अंबे मां हाई स्कूल शहबाजपुर से 98.20% अंक प्राप्त कर जिला महेंद्रगढ़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोमल गुर्जर की इस उपलब्धि पर लुजोता ही नहीं बल्कि पूरे नांगल चौधरी क्षेत्र में खुशी की लहर दिखाई दी। तहसील नांगल में चौधरी ने सबसे ज्यादा कमाई कर यह साबित किया कि हमारे क्षेत्र की बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं ! कोमल गुर्जर ने बताया कि मेरे ताऊ कृष्ण कुमार व ताई सुशीला देवी मेरी प्रेरणा को स्त्रोत बता रहे हैं। मेरे माता-पिता ने हर कदम पर, हर संभव सहायता प्रदान की है। कोमल गुर्जर ने फ्यूचर मे मेडिकल ऑफिसर बनने की इच्छा रखी।



### नर्स ने सीपीआर देकर युवक की बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में महिला नर्सिंग सुपरवाइजर ने युवक की जान बचा ली। युवक एक्सीडेंट में घायल हुआ था। वह सडक किनारे बेसुध पडा था। लोगों की भीड़ जमा हुई थी। ये देख महिला नर्सिंग सुपरवाइजर वहां पहुंची और घायल युवक को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर देकर उसकी जान बचा ली। इसके बाद वह पुलिस की मदद से युवक को विर्क अस्पताल में लेकर पहुंची और जरूरी ट्रीटमेंट दिया। हालत ठीक होने पर युवक को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

महिला नर्सिंग सुपरवाइजर की युवक को सीपीआर देते हुए की वीडियो भी वायरल हो रही है। लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। डॉक्टरों की मानें तो समय पर सीपीआर न मिलता तो युवक की जान जा सकती थी। मामला करनाल के सेक्टर-6 में मंगलवार रात 10 बजे सामने आया।

करनाल के सेक्टर-6 में रहने वाली अंकिता मान विर्क अस्पताल में नर्सिंग सुपरवाइजर हैं। करीब डेढ़ साल से अस्पताल में काम कर रही हैं। मंगलवार रात को अंकिता मान अपने बेटे को आइसक्रीम दिलाने गाड़ी से निकली थीं। वह सेक्टर-6 स्थित गुरुद्वारे के पास पहुंचीं तो देखा कि सडक किनारे भीड़ जुटी है। यहां पर भीड़ क्यों है? यह जानने के लिए उन्होंने गाड़ी रोकी और नीचे उतरकर देखा तो एक युवक अचेत अवस्था में सडक किनारे पड़ा था।

अंकिता ने जब युवक के बारे में पूछताछ की तो आसपास खड़े लोगों ने कहा कि युवक की मौत हो चुकी है। सबने मान लिया था कि अब कुछ नहीं किया जा सकता। चूंकि अंकिता मेडिकल फील्ड से हैं तो ऐसे में उन्होंने युवक की नब्ज चेक की। जब महसूस हुआ कि युवक की नब्ज चल रही है तो उन्होंने तुरंत युवक को सीपीआर दिया। सीपीआर देने के बाद युवक की हालत में सुधार होने लगा और उसकी सांसें लौट आईं। इसके बाद अंकिता ने तुरंत विर्क अस्पताल की एंबुलेंस बुलवाई और युवक को अस्पताल ले गई।

अंकिता ने बताया कि युवक की उम्र करीब 25 साल है। उसका एक्सीडेंट हुआ था। एक्सीडेंट के बाद युवक को उल्टी आई और उल्टी में आया हुआ खाना उसकी सांस की नली में फंस गया था, जिससे वह सांस नहीं ले पा रहा था और बेहोश होकर गिर गया था। जब सीपीआर दिया गया तो वह रिस्पॉन्ड नहीं कर रहा था, लेकिन कुछ ही मिनटों में वह फिर से सांस लेने लगा।

# जयराम पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों का राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों अवनी और सागर का राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं पूर्व आयुक्त टीके शर्मा व निदेशक एसएन गुप्ता ने दोनों बच्चों को शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय में उच्च स्तर की शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की चहुंमुखी प्रतिभा को भी निखारा जाता है। परिणाम स्वरूप खेलों में भी समय-समय पर विद्यार्थियों ने अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वुशु चैंपियनशिप में अवनी और सागर ने पहले ब्लॉक स्तर पर, फिर राज्य स्तर पर सफलता हासिल कर 24 मई से 29 मई तक तमिलनाडु में होने वाली सब जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप में अपना स्थान बनाया है। अंजू अग्रवाल ने 28 किलो वर्ग में अवनी एवं 39 किलो वर्ग में सागर का चयन होने पर उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी

# विद्यार्थियों की तकनीकी शिक्षा में सुधार करता है एक्सेल्सियर कार्यक्रम

**आगाज**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के के यूआईईटी संस्थान में टेक्नोकल्चर एक्सेलसियर 2025 का हुआ आगाज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ के कुशल नेतृत्व में एक्सलसियर विद्यार्थियो की तकनीकी शिक्षा में सुधार लाने में कौशल विकास के साथ समस्या समाधान का प्रशिक्षण प्रदान करने और इससे जुड़ी तमाम गतिविधियों को क्रियान्वयन करने के लिए समागम का कार्य करता है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान द्वारा आयोजित टेक्नोकल्चर एक्सेलसियर 2025 का उद्धघाटन करते हुए डीन इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी तथा यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने प्रकट किए। प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा की एक्सेल्सियर 2025 तकनीकी शिक्षा, कला और स्वास्थ्य का संगम है क्योकि संस्थान के सभी विभागों के विद्यार्थी अपने-अपने विभागों में अपनी तकनीक की प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर समय के साथ प्रयोग के जाने वाली तकनीक को परस्पर साझा करते है। जब भी विद्यार्थी किसी इंडस्ट्री या कम्पनी में जाते है उनकी तकनीकी मानसिकता बड़ी जिज्ञासु और प्रभावशाली होती है ! सेहत से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की उत्सुकता अग्रणी रूप से देखी जा रही है। तीनो एक्टिविटी का समावेश एक्सेल्सियर को प्रभावी बना रहा है !

एक्सलसियर के सयोंजक डॉ. अजय जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में तकनीकी व सामान्य 30 प्रतियोगिताएं आयोजित की जिनमें मुख्य रूप से इंटरफेस डिजाइन, ब्लाइंड कोडिंग, प्रोग्रामर डेट, लोगोपीडिया, टेक्निकल टॉक, डिजाइन चौलेंज सॉल्विंग मैकेनिक्स, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ब्रेनस्टॉर्म, बायो क्विज, डीएनए शो, बायोहंट, डिबेट कंपटीशन, आईओटी शोकेस, सर्किट प्रॉब्लम्स, सोल्डरिंग कंपटीशन, डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स क्विज, इलेक्ट्रॉनिक सुडोकू, रंगोली, ट्रेजर हंट, वॉल पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, बैटल ऑफ बेडस, मोमेंटम मेकिंग, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताओं में यूआईईटी के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर एग्जिबिशन का भी आयोजन हुआ जहां छात्र छात्राओं ने अपने हस्त निर्मित उत्पादों का भी स्टाल लगाया। एक्जीबिशन में युवा उद्यमिता का जोश देखने को मिला।

इस अवसर पर कार्यक्रम की सहसंयोजिका डॉ. पूनम डबास, डॉ. दीप्ति चौधरी, डॉ. प्रज्ञा चांदी, डॉ. रविंद्र चौधरी, डॉ. प्रियंका जांगड़ा, डॉ राजेश दहिया, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, दीपक शर्मा, रविंद्र तोमर, हरिकेश पपोसा, हर्षित प्रकाश, अदिति, गौरव सहित बड़ी संख्या में संस्थान के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिले में अवैध खनन करने वालों पर करें सख्त कार्यवाही: एडीसी साहिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद**
हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है। एडीसी साहिल गुप्ता ने वीरवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को यह दिशा-निर्देश दिए।

एडीसी साहिल गुप्ता ने जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी निगरानी करें और अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें।

एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अपने इलाकों में अरावली, यमुना नदी तटीय और मैदानी क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते।

## जिला कारागार में हुआ लोक अदालत का आयोजन: इरम हसन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन के समक्ष 6 मामले रखे गए, जिनका निपटारा कर 6 बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम ने जेल मे रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं से अवगत करवाया और उनको प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

# किशोर-किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जिला स्तरीय संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल**
महिलाओं एवं किशोरियों के प्रति समर्पित स्वयं सेवी संस्था विमर्श के तत्वावधान में गुरुवार को नगर की तल्लीताल धर्मशाला में किशोर-किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जिला स्तरीय संवाद में इस संवेदनशील विषय को लेकर विचार-विमर्श किया गया। संस्था की ओर से गायत्री दर्मवाल ने 15 गांवों में किए गए किशोर मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट साझा करते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य किशोरों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना, संवाद के प्रति



सहजता लाना, आत्म-देखभाल को बढ़ावा देना और मानसिक संकट झेल रहे किशोरों की सहायता के लिए समुदाय और विशेषज्ञों के बीच सेतु स्थापित करना है ।मनोचिकित्सक डॉ. गरिमा कांडपाल ने मानसिक स्वच्छता, तनाव के लक्षणों, विचारों एवं आदतों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े मदन मेहरा ने आरकेएसके योजना की जानकारी देते हुए मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सकारात्मक सोच को अनिवार्य बताया। हरेंद्र कठायत ने मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम व राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर जानकारी दी।

## संपादकीय

# संकटकाल में शत्रु को लाभ पहुंचाने वाले सवाल

**लोकतांत्रिक** शासन व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि इसमें विपक्ष के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक को सरकार से सवाल पूछने का अधिकार प्राप्त होता है। लेकिन कोई भी राष्ट्र तभी मजबूती से आगे बढ़ सकता है जब इस अधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ किया जाए। बीते कुछ दिनों में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ह्यहमारे कितने विमान गिरेह्व जैसे अवांछित सवाल पूछे हैं। उनके सवालों को पाकिस्तान, भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा कई मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया में सक्रिय बुद्धिजीवियों ने लोगों के मन में सवाल पैदा कर दिया है कि क्या सरकार ने विदेशी ताकतों के दवाब में आकर हड़बड़ी में सीज फायर का फैसला लिया? इस सवाल का सीधा सा जवाब इस बातों में छुपा है कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया? भारत उन लक्ष्यों को किस हद तक प्राप्त करने में सफल रहा? बीती 22अप्रैल को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने 26 हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछ कर मार डाला। आतंकवादियों की इस करतूत के बाद पूरा देश आक्रोशित था। सब चाहते थे कि पाकिस्तान को इसका सबक सिखाया जाए। इसके बाद सबसे पहले हमारी सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके पाकिस्तान के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। फिर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात मई को पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सैन्य कार्रवाई में जिन नौ ठिकानों को नष्ट किया गया उनमें जैश ए मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मुख्यालय भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर की आतंक के आकाओं को इतनी गहरी चोट लगी कि जैश ए मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर फूट-फूट कर रोने लगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत महज 25 मिनट में नौ आंतकवादी ठिकानों को नष्ट करके 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के बाद हमारे सैन्य अधिकारियों ने साफ कर दिया था कि भारत ने जो कार्रवाई की है वह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ थी। यह न तो पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ थी और न ही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ। उन्होंने साफ किया कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह का दुस्साहस करने का प्रयास किया गया तो भारत उसका समुचित जवाब देगा। आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने चीन और दूसरे देशों प्राप्त हथियारों के दम पर ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू विमानों के जरिए भारत पर हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी सेना ने वायु रक्षा प्रणाली और उन्नत तकनीकी से उन कोशिशों को नाकाम कर दिया। हालांकि इसके जवाब में भारत की ओर से की गई कार्रवाई में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली ध्वस्त हो गई। उसके अधिकांश हवाई अड्डे निष्प्रयोज्य कर दिए गए। भारत की प्रतिक्रिया इतनी तीखी होगी इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान के आकाओं को भी नहीं थी। जो पश्चिमी मीडिया भारत के खिलाफ लगातार झूठे विमर्श गढ़ रहा था उसे भी सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर यह स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर उसके सैन्य हवाई अड्डों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

# सीवर में मौतों का अंतहीन सिलसिला

**रोहित माहेश्वरी**

> बाकी या तो खराब थे या बनने की प्रक्रिया में थे। मैक्सिको में सीवेज का पूरा सफाई का काम इकोलॉजिकल सेनिटेशन मॉडल पर होता है, ये मॉडल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स से जुड़ा होता है। अमेरिका में मशीनों का इस्तेमाल होता है। वहां इसके लिए समुचित सुरंगें और उपकरण हैं। इससे ही काम होता है। इस काम में मानव का इस्तेमाल बहुत कम है। यूरोप में भी यही सिस्टम है। हमारे देश में सीवेज प्लांट्स में हर तरह की गंदगी गिरती है। इसमें सूखा, गीला, प्लास्टिक और मलबा सभी कुछ होता है। ये गलत है। इससे जानलेवा जहरीली गैस बनने लगती है और जब कोई सफाई कर्मचारी सीवर या सेप्टिक टैंक में सफाई के लिए घुसता है तो दम घुटने की स्थिति बन जाती है. इस काम को अब पूरी तरह मशीनों से किया जाना चाहिए। ये जरूर है कि भारत में कुछ समय पहले सुलभ इंटरनेशनल ने बाहर से आयात करके दिल्ली में एक सीवेज क्लीनिंग मशीन पेश की थी

सीवर की सफाई करते समय मजदूरों की जान जाना कोई नहीं बात नहीं है। ये बात सुनने में थोड़ी कड़वी जरूर है, लेकिन है बिल्कुल सच। बीती छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग अपनी जान गंवा बैठे। इस घटना के हफ्ते बाद हरियाणा रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक-दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सेप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। कितना दुखद है कि आज इक्कीसवीं सदी में भी सीवर-सेप्टिक टैंकों का काम मैनुअली कराया जाता है। इन टैंकों में सफाई करने के लिए उतारने वालों को सुरक्षा उपकरण तक मुहैया नहीं कराए जाते। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। भले हम इस बात पर गर्व करें कि हमारा देश तकनीकी मामले में इतना आगे बढ़ गया है कि चांद पर सफलतापूर्वक चंद्रयान भेज रहा है। मंगल ग्रह पर पानी की खोज कर रहा है। पर इस बात पर शर्म महसूस होती है कि क्या हमारे पास इतनी भी क्षमता नहीं कि वह गटर या सीवर-सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए मशीनी तकनीक विकसित कर सके। यदि ये क्षमता है तो फिर क्यों गटरों-टैंकों की सफाई करते हुए मारे जा रहे हैं और यदि शासन-प्रशासन की लापरवाही से ये मौतें हो रही हैं तो फिर इन्हें मौतें नहीं बल्कि हत्याएं कहा जाएगा। देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था। इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है को उनको 27 दिशानिर्देशों का पालन करना होग। इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं। इससे पहले भी सीवर में सफाई के दौरान जानें जाने के मामले अलग-अलग जगहों से सामने आते रहे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राज्यसभा में आंकड़े शेयर



कर बताया कि पिछले 31 सालों में 1248 जानें जा चुकी हैं। सीवर और सेप्टिक टैंक में सफाई के दौरान सबसे ज्यादा 253 जानें तमिलनाडु में गई। उसके बाद गुजरात में 183, उत्तर प्रदेश में 133 और दिल्ली में 116 लोगों की मौत हो चुकी है। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक है। लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों की कमी है। यही वजह है कि मजदूर इस जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सफाई करते हैं। कई बार तो उनकी जान तक चली जाती है।

विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। कानून के मुताबिक सफाई एजेंसियों के लिए सफाई कर्मचारियों को मास्क, दस्ताने जैसे सुरक्षात्मक उपकरण देना अनिवार्य है, लेकिन एजेंसियां अकसर ऐसा नहीं करतीं. कर्मचारियों को बिना किसी सुरक्षा के सीवरों में उतरना पड़ता है। एक सर्वे के अनुसार सीवर की सफाई में लगे लोगों में से 49 फीसदी को सांस संबंधी और 11 फीसदी से अधिक को त्वचा संबंधी कई परेशानियां हो जाती हैं। गटर/सीवर साफ करने वाले 90 फीसदी सफाई कर्मचारियों की 60 की उम्र से पहले ही मौत हो जाती है। उनके पास कोई उपकरण नहीं होता, जिससे पता लगाया जा सके कि सीवर में जहरीली गैस है या नहीं। ऐसे में ये हादसों के शिकार हो जाते हैं और अगर हादसों से बच जाते हैं तो इनके शरीर में बीमारियां घर कर जाती हैं जिससे ये भरी जवानी में ही मौत के शिकार हो जाते हैं। सीवर सफाई के लिए मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। प्रायः सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाई कर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। भारत में 70 फीसदी सीवेज लाइनों की सफाई आमतौर पर होती ही नहीं। 2015 में एक सर्वे में पता लगा कि तब हमारे देश में 810 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स थे लेकिन चालू हालत में केवल 522 ही थे।

बाकी या तो खराब थे या बनने की प्रक्रिया में थे। मैक्सिको में सीवेज का पूरा सफाई का काम इकोलॉजिकल सेनिटेशन मॉडल पर होता है, ये मॉडल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स से जुड़ा होता है। अमेरिका में मशीनों का इस्तेमाल होता है। वहां इसके लिए समुचित सुरंगें और उपकरण हैं। इससे ही काम होता है। इस काम में मानव का इस्तेमाल बहुत कम है। यूरोप में भी यही सिस्टम है। हमारे देश में सीवेज प्लांट्स में हर तरह की गंदगी गिरती है। इसमें सूखा, गीला, प्लास्टिक और मलबा सभी कुछ होता है। ये गलत है। इससे जानलेवा जहरीली गैस बनने लगती है और जब कोई सफाई कर्मचारी सीवर या सेप्टिक टैंक में सफाई के लिए घुसता है तो दम घुटने की स्थिति बन जाती है. इस काम को अब पूरी तरह मशीनों से किया जाना चाहिए। ये जरूर है कि भारत में कुछ समय पहले सुलभ इंटरनेशनल ने बाहर से आयात करके दिल्ली में एक सीवेज क्लीनिंग मशीन पेश की थी, जिसकी कीमत तब 43 लाख थी। अब दिल्ली या देश के दूसरे शहरों में ऐसी कितनी मशीनें हैं और इनसे कितना काम लिया जाता है-ये जानकारी नहीं है। वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से ना रोके जाने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा था कि सफाई के दौरान कोई सफाई कर्मी स्थायी दिव्यांगता का शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा।

वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। अदालतों की सख्ती ओर सख्त लहजा इसे रोकने को कहता है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो-हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए नगर निकायों को इन हादसों के लिये सीधे जवाबदेह बनाया जाए। सीवर की सफाई से जुड़ी मौत के लिये स्वतः कानूनी कार्रवाई, तत्काल मुआवजा और विभागीय कार्रवाई की जाए। मानवीय श्रम की जगह तकनीक के उपयोग से बहुमूल्य जीवन को बचाया जाना चाहिए।

## कविता

### तुम्हे निहारना मेरी नियती।

कनखियों से कभी नजरों से निहारता हूं
यूँ ख्वाबो में कभी खबरों में निहारता हूं।

अक्षुण रहे यौवन तुम्हारा दुआ है मेरी
दिल की नजरों से रूह में निहारता हूं।

कल्पनाओं का क्या कीजिये अब भला
कातर याचक की नजरों से निहारता हूं।

खामोशी के गुंजन जैसी झलक तुम्हारी
एकांत की मदहोशी में तुम्हे निहारता हूं।

इन्तेहाई में इंतजार की दीप्त रूप के
दर्शन की अभिलाषा में निहारता हूं।

किस्मत के हाथों मिली शिकस्त हमे
फितरत खुद मेरी नियती से हारता हूं।

नख से शिख तक सेहत का खजाना हो
तुम्हे कुदरत की खुशबु में निहारता हूं।

चन्द्र किरणों सा धवल उजला हो तुम
कहीं चांद कहीं चांदनी में निहारता हूं।

अब तुम ही अंतिम फैसला करो संजीव
बावरा सा क्यों निर्झणियों में पुकारता हूं।

संजीव

## भारत का सतर्कता बरतना आवश्यक !

**हाल** ही में भारत के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज' ने एक खुलासा किया है कि चीन की सैटेलाइट मदद से पाकिस्तान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम और रडार फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम भी दिया था। वास्तव में, यह वाकई बहुत चिंताजनक बात है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच हुए सीमा-संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था।यह खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। पाठकों को बताता चलूं कि ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। इस रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके। कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान तो भारत के लिए सामरिक और आतंकवादी समस्या है ही, चीन भी भारत के लिए सामरिक चुनौती है। हालांकि, यह बात अलग है कि भारत सरकार ने सार्वजनिक तौर पर भारत पाकिस्तान संघर्ष में चीन के शामिल होने की बात नहीं की है, लेकिन पाकिस्तान ने कहा है कि उसने लड़ाई में चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया। वास्तव में यह दशार्ता है कि चीन ने कूटनीतिक समर्थन से आगे बढ़कर पाकिस्तान को लॉजिस्टिक और खुफिया मदद के अलावा सैन्य मदद भी मुहैया कराई। इस रिपोर्ट की गंभीरता का अंदाजा मात्र इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज ने यह जानकारी दी है, उसके एडवाइजरी बोर्ड में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारत की तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडर शामिल हैं। थिंक टैंक के अनुसार चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण करने की कोशिश की, लेकिन चीन के एयर डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। वहीं भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने काफी बेहतरीन और उल्लेखनीय काम किया और पाकिस्तान के लगभग हर हवाई हमले को असफल कर दिया। कहना गलत नहीं होगा कि यदि भविष्य में कभी भारत और चीन का संघर्ष होता है तो पाकिस्तान चीन के समर्थन में उतर सकता है। पाठक जानते हैं कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत ने 6-7 मई की रात बदले की कार्रवाई के तहत आपरेशन 'सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिससे भारत और पाकिस्तान में संघर्ष शुरू हो गया।

## विचार

### समरसता से परिष्कृत विकास की अवधारणा।

**संजीव**

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है,

वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है।

संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### गर्मियों की धुप से चेहरा पड़ गया है काला तो अपनाएं घरेलू उपाय

**शहनाज हुसैन**

**गर्मियों** का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है/ , गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं / हालाँकि कुछ लोग चेहरे पर कपडा बांध कर निकलते हैं लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है/ गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टिओं में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांबली पड़ जाती है / चेहरे पर सन टेन की बजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खतम हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है / इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महँगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएँ खड़ी हो जाती हैं / ऐसे में धुप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाये रखेंगे /

**1 --पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है / इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें / पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें निम्बू की कुछ बुँदे मिला लें /इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें / इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं /सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है / आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुँदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें / इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें / यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है।

## नाम छपवाओ, दुख बढ़ाओ

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कभी**-कभी लगता है कि आदमी को सबसे ज्यादा तकलीफ अपने नाम से होती है। मतलब, नाम तो रख देते हैं—गोपाल, श्यामलाल, महावीर—४३ नाम को अखबारों में छपवाना हो तो फिर गोपाल 'कवि गोपालानंद', श्यामलाल 'डॉ. श्याम रसिक', और महावीर 'महाकवि महावीराचार्य' बन जाते हैं। जैसे नाम में कोई वजन तभी आता है जब वो प्रेस में प्रेस हो जाए। अब गांव के एक मास्साब थे—सीधे-सादे। अचानक एक दिन देखा तो प्रादेशिक काव्य संगोष्ठी के मुख्य अतिथि बन बैठे। मैंने पूछा—"मास्साब! आपने कब से कविता लिखनी शुरू की?" बोले—"बेटा, लिखना तो अब तक नहीं आया, पर छपना शुरू हो गया है।" कहते हैं कि दुख बांटने से कम होता है, लेकिन नाम छपवाने की बीमारी बांटने से बढ़ती है। एक बार 'स्वर्गीय प्रेमशंकर जी' की तेरहवीं थी। भोज में खाना नहीं, कविता परोसी जा रही थी। "स्मृति शेषः कवि सम्मेलन" हो रहा था। मंच पर कवि कम, चाटुकार ज्यादा बैठे थे। जैसे कोई अचार के मर्तबान में कलम डुबोकर आया हो और बोला हो—"शाम सुहानी, चाय पानी, नेता जी आपके गुण गाए बानी!" श्रोताओं को लगा कि ये श्रद्धांजलि है या कॉर्पोरेट ईवेंट! कहते हैं कि आदमी को रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत होती है। लेकिन कुछ को सिर्फ "कविता, छपाई और पहचान" की भूख होती है। मेरे मोहल्ले का ताऊ रामअवतार एक दिन बोला—"बेटा, ये देखो मेरी कविता! ह्यगांव की गलियों में गूंजेगा मेरा नाम!ह्व" मैंने देखा, पेज पर ह्यशेरः रमेश कुमार, तहसीलदारह्व लिखा था। मैंने पूछा—"ताऊ, रमेश कुमार कौन?" बोले—"अरे वही जिसने हमारी दुकान सील की थी, अब उसका नाम अपनी कविता में छापूंगा... बदला इसी से लूंगा!" अब समझो—कविता नहीं, ये भावनात्मक बदला था! एक बार नगर निगम ने 'साहित्य पुरस्कार' की घोषणा की। पुरस्कार में था-ह्यस्टील का गिलास, एक नारियल और एक स्मृति पत्रह्व सुनते ही मोहल्ले का 'मुंहफट बाबू' बोला—"भाई साहब, अब तो गिलास के लिए भी लोग छपेंगे!" अगले ही दिन वह खुद 'गद्य कवि सम्मेलन' में दिखा—मंच पर खड़ा, और हाथ में वो ही गिलास!

## न्यूज फ्लैश

### ईव टीजिंग और बुलिंग पर जागरूकता से मिनार बच्चों को प्रसंशा पत्र और मार्गदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पीकेआर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अम्बाला सिटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ईवटीजिंग और बुलिंग जैसे संवेदनशील विषयों पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने शिरकत की। जिन्होंने बच्चों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और उसके परिणामों के बारे में जागरूक किया और ये भी बताया की अगर किसी के साथ अगर ऐसी कोई घटना होती है तो सुरक्षित स्थानों के बारे में जागरूक किया जहां वे अपनी समस्याएं साँझा कर सके तथा महिलाओं और लड़कियों को बिना किसी डर के बोलने और घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी

उन्होंने यह भी बताया की इस पहल का उद्देश्यन केवल बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है बल्कि उन्हें एक सुरक्षित शिक्षित और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करना भी है। स्कूल में पेंटिंग बनाने का कॉम्पिटिशन करवाया गया जिसमे उन्होंने पांच बच्चों को सबसे अच्छी पेंटिंग बनाने के लिए प्रसंशा पत्र भी वितरित किये।

श्री प्रवीण, ने सभी विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा की उन्हें शुरू से अपना लक्ष्य बनाना चाहिए की वे भविष्य में क्या करना चाहते है व क्या बनना चाहते है और उसके लिए परिश्रम पढ़ाई के साथ साथ ही करते रहना चाहिए। इस दौरान उन्होने विद्यार्थियों से बातचीत की व उनके विचार सुने। सीजेएम साहब ने बच्चों को प्रोत्साहन पत्र भी वितरित किये।

इस कार्यक्रम में कलाधारा मंच की टीम ने नुकड़ नाटक के जरिये बच्चों को अपराध की घटनाओं के बारे में अवगत करवाया तथा इस से कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान कैंप में लगभग 100 छात्र और सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला स्कूल स्टाफ एवं कलाधारा मंच की टीम उपस्थित रहे।

### अवैध असला सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** थाना मतलौडा पुलिस ने अवैध असला सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहन उर्फ बोली निवासी देहलका व सिद्धांत निवासी होडल पलवल के रूप में हुई है।

थाना मतलौडा प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन ने बताया कि गत 18 मई को मतलौडा में बाईपास पर गौशाला के नजदीक सीआईए टू पुलिस की टीम ने मतलौडा निवासी आरोपी परवेज उर्फ काला को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि 28 मई को उसके दोस्त शुभम का बर्थडे है। दोनों मिलकर बर्थडे को फायरिंग कर सेलिब्रेट करना चाहते थे। 15 मई को वह और शुभम पलवल के देहलका जैंदपुर निवासी मोहन से एक देसी पिस्तौल व 3 जिंदा रौंद 11 हजार रूपए में खरीदकर लाए थे। जिसमें से दो रौंद उन्होंने पहले फायर कर दिए थे।

थाना मतलौडा में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने बरामद देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी परवेज को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजने के बाद असला सप्लायर मोहन की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन ने बताया कि मतलौडा पुलिस ने असला सप्लायर आरोपी मोहन को मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी ने देसी पिस्तौल व 3 जिंदा रौंद पलवल के होडल निवासी सिद्धांत से 8 हजार रूपए में खरीदकर परवेज को 11 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा। पुलिस ने बुधवार को आरोपी सिद्धांत को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अवैध देसी पिस्तौल व 3 जिंदा रौंद आरोपी मोहन को बेचने बारे स्वीकारा। दोनों आरोपियों ने अवैध असला व जिंदा रौंद बेचकर हासिल की नगदी खर्च कर दी।

# ऑपरेशन सिंदूर में मानवीयता तकनीकी दक्षता और राजनीति की अदभुत मिशाल: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा की ऐतिहासिक एवं विशाल तिरंगा यात्रा में की शिरकत,

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में मानवीयता, तकनीकी, दक्षता और तेज राजनीति का अदभुत संगम देखने को मिला है। इस ऑपरेशन सिंदूर यात्रा को युगों-युगों तक देश के वीर सैनिकों के सम्मान के रूप में याद रखा जाएगा। इन सैनिकों के शौर्य,साहस को नमन करने के लिए ही देश ही नहीं पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। इन तिरंगा यात्राओं में प्रदेश के करोड़ों लोगों के जोश और जज्बा देखने को मिला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को लाडवा नए बस स्टैंड पर आयोजित ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में प्रदेशवासियों को सम्बोधित कर रहे थे। इसके बाद




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में नए बस स्टैंड से एक ऐतिहासिक और यादगार तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी। यह तिरंगा यात्रा श्री राम कुंडी चौक, मेन बाजार,संगम मार्किट, हिनोरी चौक, डा. बीआर अंबेडकर चौक से होती हुई श्री रामकुंडी एवं धर्मशाला पर सम्पन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा के जोश और जज्बे को लाडवा की हर गली और मोड पर देखा गया। इस यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया और लोगों ने देश के वीर जवानों के सम्मान में जयकारे लगाए। इन जयकारों की आवाज लाडवा शहर के हर कोने में सुनाई दी गई। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तिरंगा यात्रा के मार्ग पर शहीद मदन लाल ढींगडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रामकुंडी धर्मशाला के सभागार में पहलगाम के बलिदानियों को पुष्पर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान की सिरजमीं पर जाकर आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने का काम किया है। ऐसा करके संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता की तरफ आंख उठाने का अंजाम बहुत बुरा होता है। पाकिस्तान की जमीं पर जाकर उनके आतंकवादी अड्डों को चुन-चुन कर मिट्टी में मिलने का काम जांबाज सैनिकों ने किया है।

### इंद्री पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा में आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत दिल्ली जाते हुए इन्द्री में सिंचाई विभाग के विश्रामगृह के नजदीक कुछ देर के लिए रूके। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने भाजपा के नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ मिलकर इन्द्री में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मौके पर मौजूद सभी भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात कर हालचाल पूछा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान विधायक रामकुमार कश्यप से 23 मई को लाड़वा में आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर भी बातचीत की। विधायक ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि लाडवा में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और इस जयंती समारोह को लेकर सभी कार्यकताओं एवं लोगों में उत्साह का माहौल बना है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि महर्षि कश्यप जयंती समारोह में हरियाणा के विभिन्न स्थानों से सर्व समाज के लोग लाखों की संख्या में पहुंचेंगे।

### एक पेड़ माँ के नाम केंद्र सरकार की अनोखी पहल: हरभजन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शहर को हरा भरा बनाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शहरी आजीविका मिशन के तहत एक अनूठी योजना पर कार्य कर रहा है। यह कार्य एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया जाएगा विभाग के जिला सलाहकार अमित खोसला ने बताया कि शहर में एक बड़े पधारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। यह पहले केवल शहर को सुंदर और हरा-भरा बनाए की बल्कि इससे प्रदूषण में कमी तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को बढ़ावा भी मिलेगा

## राजनीति से हटकर है मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम: प्रवीण लाठर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मन की बात विषय को लेकर आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा के अतिरिक्त अन्य मंडल पदाधिकारियों सहित कर्ण मंडल में आने वाले शक्ति केन्द्रों के प्रमुख मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उपस्थित सभी को मन की बात कार्यक्रम के विषय पर दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी को चाहिए कि मन की बात कार्यक्रम को न केवल अपने घर पर बैठ कर सुनें, अपितु इस कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुना जाना चाहिए और इसको



लेकर सभी कार्यकताओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के जरिए भारत के अरबों लोगों से जुड़ते हैं। राजनीति से अलग हटकर ये कार्यक्रम जनभावनाओं से प्रेरित होता है। इस कार्यक्रम में अभी तक देश के कई अविस्मरणीय किस्से साझा हुए हैं। आम लोगों को अपने कार्यों के लिए देश-दुनिया में पहचान मिली। चाहे वह वह स्वच्छ भारत मिशन हो या महिलाओं और छोटे बच्चों का सशक्तिकरण। मन की बात के एपिसोड क्षेत्रीय, भाषाई और भौगोलिक बाधाओं को पार करते हुए धर्मनिरपेक्ष अभ्यास के रूप में उभरा है। बैठक में कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, मंडल उपाध्यक्ष गौरव नागपाल, आकाश अरोड़ा, चरणजीत चन्नी, नीना अग्रवाल, मंडल महामंत्री विक्रम कालरा, मंडल सचिव पायल अरोड़ा एवं लक्ष्मी शर्मा, देवेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं शक्ति केन्द्र प्रमुख मौजूद रहे।

### समाधान शिविरों मे पंहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को गम्भीरता से लिया जाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह ने कहा कि समाधान शिविरों मे पंहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को गम्भीरता से लिया जाएं और प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करवाया जाएं। अतिरिक्त उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान बोल रहें थे। उन्होंने लोगो की समस्याओं को बडे ही ध्यानपुर्वक सुना और उनकी समस्याओं के जल्द समाधान करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर मुख्यामंत्री हरियाणा द्वारा शुरू कि गई एक सराहनीय पहल है जिसका मुख्य उदेश्य आम नागरिको की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है और सभी अधिकारी इसी ध्येय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि सप्ताह मे दो दिन सोमवार व वीरवार को जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है, इन शिविरों में विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी एक स्थान पर बैठ कर लोगो की समस्याओ का प्राथिमिकता के आधार पर समाधान करते है।

## चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि पर सोनीपत में उमड़ेगा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

पूर्व विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेशाध्यक्ष जगजीत सांगवान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह एक मात्र किसानो के मसीहा हुए हैं । उन्होंने केवल किसानो के लिए ही नही देश के हर गरीब , मजदूर व कमेरे वर्ग के हितो की रक्षा हेतु अनेकों कार्य कार्य किये । उन का हर वर्ग सम्मान करता हैं तथा उनके मरणोंरांत आज भी याद करता है । उन्होंने ये विचार सोनीपत में पत्रकारो से बातचीत



करते हुए रखे ।

उन्होंने बताया कि 29 मई को सोनीपत के इवान गार्डन में भारत रत्न स्व० चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथी को सामाजिक समरसता दिवस के रूप मे मनाया जाएगा जिसमे लाखों लोग अपने मसीहा को श्रद्धांजलि देने पहुंचेगे। इस कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र छिक्कारा होंगे जोकि शिवसेना शिंदे ग्रुप के प्रदेश प्रभारी भी रह चुके हैं । नरेंद्र छिक्कारा ने राष्ट्रीय लोकदल की सक्रिय सदस्यता ले ली है तथा वे राष्ट्रीय लोकदल मे रहकर लोगों की सेवा करेंगे । उन्होंने अगले आम चुनाव में 20 विधानसभा सीटें जीतकर प्रदेश सरकार का हिस्सा बनने का दावा किया ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रिय मंत्री जयंत चौधरी बतौर मख्यातिथी जनसभा को संबोधित करेंगे ।

राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय प्रवक्ता व महिला प्रकोष्ट की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीशा चौधरी ने कहा कि दुनिया को बताने की जरूरत नही है कि चौधरी चरण सिंह पहचान थी । वो एकमात्र किसानो मसीहा हुए हैं । उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में लगभग साढ़े सात हजार के करीब गांव हैं तथा हर गांव तथा हर घर में चौधरी चरण सिंह का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने पूरे जीवन में अपने उपर कोई दाग नही लगने दिया व पूरा जीवन सादगी से व्यतीत किया ।

## हरियाणा राज्य महिला आयोग पंचकूला चेयर पर्सन रेणू भाटिया ने किया जेल का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य महिला आयोग पंचकूला चेयरपर्सन रेणू भाटिया द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने महिला वार्ड में पहुंच कर महिला बन्दियों से उनके रहन-सहन व उनको मिलने वालीं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त पुरूष बन्दियों की जेल में समस्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। महिला व पुरूष बन्दियों द्वारा जिला जेल पर कोई भी समस्या नही होने बारे बताया गया। इसके



अतिरिक्त रेणू भाटिया द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए बुराई की राह छोड़कर अच्छाई की राह पर चलने का सन्देश दिया और भविष्य में बन्दियों से बुरी आदतों को छोड़ने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर शिवेन्द्र पाल, उप-अधीक्षक जेल ने अपने संबोधन में कहा कि जेल प्रसाशन समय समय जेल बंदियों की समस्याए पूछी जाती है और अगर कोई समस्या होती है तो उन्हें दूर किया जाता है ` रेणू भाटिया के साथ सविता राणा, प्रोटक्शन ऑफिसर, कुसुम कम्बोज, सी.डी.पी.ओ., शैलजा सैनी, वन स्टॉप सैन्टर इन्चार्ज, कुलबीर कौर एवं बलजीत सिंह निरीक्षक हरियाणा पुलिस साथ थे। इस अवसर शिवेन्द्र पाल, उप-अधीक्षक जेल (सु. ) रमेश कुमार, लाईन अधिकारी व पाला राम, उप-सहायक अधीक्षक जेल व समस्त कर्मचारी भी मौजूद थे`

### मनमीत ने किया क्रेच केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महिला एवं बाल विकास विभाग मुख्यालय से मनमीत ने आज करनाल जिले का दौरा कर विभिन्न क्रेच केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन, इन्द्री स्थित क्रैच केंद्र और नीलोखेड़ी के आंगनबाड़ी सह क्रैच केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मनमीत ने केंद्रों में बच्चों की संख्या, उनके ऊंचाई और वजन के माप की प्रक्रिया के साथ-साथ केंद्र में दिए जा रहे आहार और खिलाने के समय जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।

## आंधी-बारिश ने बढ़ाई परेशानी, पेड़ गिरने से रास्ते बाधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बीती देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं तेज आंधी ने शहर और आसपास के इलाकों में कई जगह नुकसान पहुंचाया। जगह-जगह पेड़ गिर गए और बिजली की तारों में फॉल्ट आने से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई।

असंध के मलिकपुर रोड पर भी तेज आंधी के कारण एक बड़ा और लंबा पेड़ जड़ से उखडकर सडक के बीचोंबीच गिर गया।



इससे रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया। राहगीर प्रमोद कुमार, गौरव, दिलबाग व अन्य ने बताया कि आंधी इतनी तेज थी कि पेड़ को जड़ से उखाड़ दिया गया। सडक बंद होने की वजह से अब बड़े वाहनों को निकलने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पेड़ को जल्द से जल्द हटवाया जाए, ताकि आवागमन दोबारा सामान्य हो सके।

करनाल के हांसी चौक पर स्थित संत नगर के पार्क में एक बड़ा पेड़ तेज हवाओं की वजह से जड़ से उखडकर जमीन पर गिर गया। स्थानीय निवासी मुकेश, विकास, प्रदीप व अन्य राहगीरों ने बताया कि यह पेड़ पिछले दो-तीन साल से खोखला हो चुका था और इसकी जड़ों में दीमक लग गई थी। कई बार पार्क के केयरटेकर को इसकी सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को आई तेज आंधी में यह पेड़ गिर गया और एक घर के ऊपर आ गिरा।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

तेज आंधी और बारिश का असर बिजली सप्लाई पर भी देखने को मिला। करनाल के अलावा घरौंडा, इंद्री और असंध के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण बिजली के तारों में फॉल्ट आ गया, जिससे इन क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई।

## निगमायुक्त ने विभिन्न वार्डों का दौरा कर बरसाती नालों की देखी साफ-सफाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में चल रही बरसाती नालों की साफ.सफाई को देखने के मकसद से नगर निगम आयुक्त डॉण वैशाली शर्मा ने विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड नम्बर 14, 15, 16, 17 व 19 में दो घंटे से अधिक घूमकर विभिन्न नालों की साफ.सफाई देखी। उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि सफाई कार्य का रोजाना व साप्ताहिक लक्ष्य तय करें और उनकी समीक्षा भी की जाए।

दौरे में निगमायुक्त ने रेलवे लाईन के समीप वाल्मिकी बस्ती, शिव कॉलोनी रजवाहा रोड, हांसी रोड, जाटान गेट तथा दून वैली कॉलेज रोड पर जाकर



नालों की साफ-सफाई में चल रही नाले के सफाई कार्य को देखा। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्य की विडियोग्राफी अवश्य करवाई जाए।

उन्होंने कहा कि सफाई के बाद मेन होल को स्लैब से कवर अवश्य करें, ताकि कोई दुर्घटना न हो। लेबर की संख्या पूरी रखने के उन्होंने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मियों को भी मास्क, ग्लब्स, जूते व बैल्ट का प्रयोग करने को कहा। गाद को समय पर उठवाने बारे भी एजेंसी को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई कार्य के दौरान वार्ड सुपरवाईजर मौके पर मौजूद रहे। कनिष्ठ अभियंता व सहायक अभियंता रोजाना निरीक्षण करें। इसके अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता भी निरंतर दौरा करते रहें। उन्होंने कहा कि 15 जून से पहले.पहले सभी बड़े नालों की सफाई की जाए।

इसके पश्चात उन्होंने रमेश नगर में निमार्णाधीन बरसाती नाले का निरीक्षण किया और इसे तेजी से मुकम्मल करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित कॉमर्शिलय स्पेस परियोजना स्थल का दौरा किया। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को पैनल्टी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को फटकार लगाते कहा कि कार्य को तेज गति से करें और जल्द से जल्द परियोजना का मुकम्मल करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिकों की संख्या कम होने तथा कार्य की धीमी गति पाई जाती है, तो एजेंसी पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अर्जुन गेट क्षेत्र का दौरा कर पुलिया के कार्य को देखा। बता दें कि इस पुलिया की सफाई करवाई जा चुकी है। पुलिया पर स्लैब डालने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने 10 दिनों में इस कार्य को पूरा करने के एक्सईएन को निर्देश दिए।

निगमायुक्त के दौरे में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, संयुक्त आयुक्त देवेन्द्र शर्मा, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, मोनिका शर्मा व प्रियंका सैनी, सलाहकार महीपाल सिंह के अतिरिक्त इंजीनियर एवं सेनीटेशन विंग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## देशभर भारत जिंदाबाद यात्रा निकालेगी रिपब्लिकन पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी वालिया ने बताया कि पार्टी प्रमुख केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने घोषणा की है कि देशभर भारत जिंदाबाद यात्रा रिपब्लिकन पार्टी निकालेगी। इस के लिए प्रदेश अध्यक्ष रवि सोनू कुंडली के मार्गदर्शन में हरियाणा में भी तैयारी की जा रही है।

वालिया ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष भारतीय पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बर्बर हमला कर 28 लोगों की निर्मम हत्या की। इस आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने सिंदूर ऑपरेशन चलाया, जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सटीक नेतृत्व और निदेर्शानुसार यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

भारतीय सेना ने अद्भुत शौर्य का परिचय देते हुए देश की सुरक्षा सुनिश्चित की और पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। पार्टी प्रमुख केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने देशभर में दिए संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को सख्त संदेश देते हुए कहा है कि भारत का आतंकवाद के खिलाफ युद्ध जारी रहेगा। इस साहसिक और सफल ऑपरेशन के लिए भारतीय सेना की सराहना करते हुए रिपब्लिकन पार्टी ने पूरे देश में भारत जिंदाबाद यात्रा निकालने की घोषणा की है। प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी वालिया ने बताया कि यह जानकारी रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने मुंबई में दी है। रामदास आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह ऑपरेशन देश की ताकत और सामरस्य का प्रतीक है।

# कृषि व पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने किया कुक्कुट हैचरी सरोल का शिलान्यास

## सरोल में सवा दो करोड़ से बनेगा कुक्कुट हैचरी- प्रोफेसर चंद्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** कृषि व पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने चंबा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरोल में लगभग सवा दो करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कुक्कुट हैचरी का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विकास के हर मामले में जिला चंबा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है तथा इसी क्रम में सरोल में कुक्कुट हैचरी भवन बनाया जा रहा है जिस पर लगभग सवा दो करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस हैचरी के बनने से जिला के



किसानों एंव पशु पालकों को उच्च गुणवता युक्त, रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले तथा शुद्ध नस्ल के चुजे उपलब्ध होगें तथा कुक्कुट चूजों को बाहरी जिलों व राज्यों से लाने की निर्भरता समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कुक्कुट पालन ग्रामीण महिलाओं व युवाओं के लिए एक उपयुक्त स्वरोजगार है जिसे पशु पालन के साथ-साथ भी आसानी से चलाया जा सकता है। प्रोफेसर चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश के अधिकतर ग्रामीण लोगों की आर्थिकी कृषि व पशुपालन पर निर्भर है इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा कृषि व पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा प्रदेश में किसानों द्वारा प्राकृतिक विधि से तैयार की गई फसलों में 40 प्रति किलो की दर से मक्की, 60 रूपए प्रति किलो की दर गेहूं तथा 90 रूपए प्रति किलो की दर से हल्दी खरीदने का निर्णय लिया गया है।

# पांगी घाटी को प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने की प्रक्रिया आरम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** कृषि विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की हिमाचल दिवस के अवसर पर की गई घोषणा के अनुरूप पांगी घाटी को प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी है। उन्होंने कहा कि पांगी क्षेत्र में उत्पादित जौ को 60 रुपये प्रति किलोग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इस निर्णय से क्षेत्र के किसानों का आर्थिकी में सुधार आने की आशा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक समिति का गठन किया गया। जिसने पांगी क्षेत्र की तीन पंचायतों- शौर, पुर्थी और रई का दौरा किया। इस समिति ने पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय किसानों से बातचीत कर प्राकृतिक खेती की अवधारणा, लाभ और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी साझा की। इसके अतिरिक्त, किलाड़ में भी इस समिति की आवासीय आयुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बीडीसी चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, बीडीसी सदस्य तथा पांगी की 19 पंचायतों के प्रधानों और उप-प्रधान ने भाग लिया। इस बैठक में प्राकृतिक खेती को अपनाने, इसके क्षेत्रवार क्रियान्वयन और पंचायतवार सुझावों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि आवासीय आयुक्त ने इन पंचायती राज प्रतिनिधियों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा घाटी के लोगों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, शिमला से आए विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने भी प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल न केवल पांगी की कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाएगी।

## सोलन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, तेल और लहसुन-अदरक पेस्ट के सैंपल पाए गए सब-स्टैंडर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन:** सोलन जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बीते माह विभिन्न स्थानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपलों की रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि हुई है। सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग, डॉ. अरुण चौहान ने जानकारी दी कि जांच में तेल और लहसुन-अदरक पेस्ट के सैंपल सब-स्टैंडर्ड पाए गए हैं।डॉ. चौहान ने बताया कि विभाग समय-समय पर लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिलेभर से खाद्य उत्पादों के सैंपल लेता है। बीते माह जांच के लिए भेजे गए सैंपलों में से कुछ में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी पाई गई है। इस पर संबंधित दुकानदार को नोटिस जारी कर दिया गया है और उससे जवाब मांगा गया है। डॉ. अरुण चौहान ने यह भी कहा कि यदि दुकानदार द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से आम जनता में मिलावटखोरी के खिलाफ एक कड़ा संदेश गया है।

विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे मिलावटी वस्तुओं की जानकारी तुरंत विभाग को दें।

# भाबी भनोत स्कूल की सुरक्षा दीवार तूफान से गिरी, बड़ी अनहोनी टली

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर जिले में बुधवार शाम को आई तेज मूसलाधार बारिश और आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। नाहन क्षेत्र के राजकीय माध्यमिक पाठशाला भाबी भनोत में प्राकृतिक कहर के कारण स्कूल की सुरक्षा दीवार पूरी तरह से ढह गई। यह हादसा दोपहर करीब चार से पांच बजे के बीच हुआ, जब मौसम अचानक खराब हो गया। स्कूल के प्रभारी शिक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि भाबी भनोत स्कूल की करीब 60 से 70 मीटर लंबी और 9 फुट ऊंची सुरक्षा दीवार पूरी तरह से गिर गई। सौभाग्य से उस समय स्कूल में कोई छात्र या छात्रा



मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जान का नुकसान नहीं हुआ। गिरती दीवार के साथ लगे फलदार वृक्ष भी टूट गए हैं और स्कूल परिसर में बने किचन गार्डन को भी तूफान से भारी नुकसान पहुंचा है। शिक्षक ने बताया कि पूरी घटना की जानकारी विभाग को भेज दी गई है ताकि आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द शुरू हो सके। इसी के साथ-साथ नाहन क्षेत्र के ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिरला की चारदीवारी भी तूफान में टूट गई है।

## 25 से 28 मई, 2025 तक राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी होंगे किन्नौर जिला के प्रवास पर

**किन्नौर।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 25 से 28 मई, 2025 तक जिला के प्रवास पर रहेंगे। राजस्व मंत्री 25 मई को सायं 04 बजे रिकांग पिओ में आयोजित किए जा रहे लॉन टेनिस कोचिंग कैम्प के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। 26 मई को प्रातः 11 बजे जिला के सांगला में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जनजातीय विकास मंत्री 27 मई को प्रातः 10 पूह ब्लॉक स्तरीय शिकायत निवारण समिति की अध्यक्षता करेंगे तथा वन अधिकार अधिनियम-2006 की समीक्षा करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुंदर सिंह जसवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिला के सायरी क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुंदर सिंह जसवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका आज प्रातः उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सुंदर सिंह जसवाल ने खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य और ग्राम पंचायत सायरी के प्रधान के रूप में लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सोलन में टैक्सी चालकों का विरोध, निजी टैक्सियों व ऐप बेस्ड सेवाओं पर कार्रवाई की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन :** सोलन में टैक्सी चालकों का विरोध, निजी टैक्सियों व ऐप बेस्ड सेवाओं पर कार्रवाई की मांग। सोलन के टैक्सी चालकों ने अपनी समस्याओं को लेकर आरटीओ सोलन कविता ठाकुर को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अशोक चौहान की अध्यक्षता में सौंपा गया। चालकों ने मांग की कि निजी वाहनों द्वारा अवैध रूप से टैक्सी सेवाएं देने से उनका व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिससे उन्हें अपने घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि निजी गाड़ियां बिना किसी वैध अनुमति के टैक्सी के रूप में काम कर रही हैं, जिससे सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। वैध टैक्सी चालक, जो नियमित रूप से टैक्स चुका रहे हैं, खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।अध्यक्ष अशोक चौहान ने कहा कि ओला, उबर और अन्य ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं नियमों की अनदेखी कर सोलन में खुलेआम सवारियां उठा रही हैं, जिससे पारंपरिक टैक्सी चालकों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री जिला चंबा के एक दिवसीय प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**



**चंबा:** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान जिला चंबा के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं यह जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री 23 मई को सायं 4:30 बजे सर्किट हाउस डलहौजी पहुंचेंगे जहां उनका रात्रि ठहराव है। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री 24 मई को प्रातः 11:00 बजे सर्किट हाउस डलहौजी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों के अलावा लखपति दीदी तथा ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों से वातार्लाप करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में जिला के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। कमलेश पासवान 25 मई को प्रातः 8:00 बजे सर्किट हाउस डलहौजी से धर्मशाला जिला कांगड़ा के लिए रवाना होंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया श्री महारूद्र यज्ञ महोत्सव में हुए सम्मिलित



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया गुरुवार को स्वामी श्री हरिगिरी सन्यास आश्रम ककीरा में आयोजित पांच दिवसीय श्री महारूद्र यज्ञ महोत्सव के पूर्ण आहुति समारोह में सम्मिलित हुए। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि स्वामी श्री हरिगिरी महाराज द्वारा सन्यास आश्रम ककीरा की स्थापना की गई। भक्ति भाव के साथ उनके द्वारा जन कल्याण को प्रदान की गई विशेष प्राथमिकता को स्वामी राजेश्वरानंद भारती ने आगे बढ़ाया तथा इसी क्रम की निरंतरता में आज श्री हरिगिरी चैरिटेबल ट्रस्ट जन कल्याण को समर्पित है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि सन्यास आश्रम ककीरा के तत्वावधान में गत 57 वर्षों से यहां निरंतर श्री महारूद्र यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, शांति और सकारात्मक ऊर्जा के संचार तथा पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से सहायक एवं महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने यज्ञ महोत्सव के आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन धर्म की परंपराओं को जीवंत रखने में संतों और आश्रमों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी श्री हरिगिरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आह्वान किया

## आंधी तूफान से नाहन क्षेत्र में आम के फलों में हुई तबाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** बिक्रम बाग तथा देवनी पंचायत में आम के बगीचों में लगे फलों में से लगभग अस्सी प्रतिशत फसल पिछले तीन दिनों से लगातार चल रहे आंधी-तूफान से तबाह हो चुकी है।देवनी पंचायत के कौंथरों , ढेला, खदरी तथा लालपिपल तथा बिक्रम बाग पंचायत के बेला,पिपलवाला,आकांवाला,डाढूवाला तथा सिम्बलवाला में इस तूफान ने भारी तबाही मचाई है।देवनी पंचायत के संजीव राणा,अनीश सैनी, सतीश कुमार, प्रवीण शर्मा, अरूण कौशल, सुमेर चन्द, हृदय राम, बिक्रम बाग पंचायत के सतपाल शर्मा,पवन कुमार, कपिल नेगी, मोहम्मद हनीफ, डॉ अशोक कुमार, मुश्ताक अहमद,, संजीव कुमार,मोहन लाल, ललित कुमार, अनूप सिंह,लाविन्द्र सिंह,अनुज कुमार, रणबीर सिंह आदि के बगीचों में खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है वहीं बिक्रम बाग के मुख्य बाग में भी काफी फसल तबाह हुईं हैं।बेले में मुस्ताक अहमद के बगीचे में लदा हुआ लीची तथा डाढु वाला में मोहन लाल के बगीचे में लदा हुआ कटहल का पेड़ जड़ से उखड़ गया है।

# सरपारा व गानवी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित 50 परिवारो को मकान निर्माण के लिए विधायक निधि से करीब 48 लाख रू. की राहत: नन्द लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर :** पिछले वर्ष 01 अगस्त को समेज व गानवी में आए बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए आज अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश राज्य वित्तायोग एवं स्थानीय विधायक नन्द लाल ने सरपारा के समेज में सरपारा पंचायत के 32 प्रभावित परिवार व गानवी क्षेत्र के 18 परिवारो को मकान निर्माण के लिए विधायक निधि से 47 लाख 90 हजार रू0 की राहत प्रदान की गई । 47 आपदा प्रभावित परिवारों को एक-एक लाख रुपए व तीन गानवी के परिवारों को मकान का कम नुक्सान पर मरम्मत के लिए 30-30 हजार रू0 राहत राशि प्रदान की गई। विधायक ने सरपारा पंचायत में पिछले वर्ष बाढ. में क्षति ग्रस्त हुए पैदल रास्ते को ठीक करने के लिए 03 लाख रू0 देने की भी घोषणा की । इस



अवसर पर समेज में लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारो को हर सम्भव सहायता प्रदान की है और भविष्य में भी राहत प्रदान की जाएगी । सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में समय रहते सभी मूलभूत सुविधा प्रदान किया और सड़क, पानी, बिजली व क्षति ग्रस्त हुए सभी रास्तों को ठीक किया गया । उन्होंने कहा कि कोई कार्य करने के शेष है तो उसे भी शीघ्र पूर्ण किया जाएगा । उप-मण्डलाधिकारी रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र नेगी, पंचायत समिति अध्यक्ष आशीष कायथ, अधिशाषी अभियन्ता जल शक्ति रसबीर नेगी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत कुकू शर्मा, बीडीसी सदस्य सरोजनी ठाकुर, प्रधान ग्राम पंचायत सरपारा मोहन लाल कपाटिया व विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पंचायत प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

# डोडरा क्वार के बच्चे पहली बार अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान टेबल टेनिस प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

### ग्रीष्मोत्सव के दौरान उपायुक्त सहित सभी अधिकारी बच्चों के साथ करेंगे भोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** इस अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान होने वाली टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जिला शिमला के दूरदराज के जनजातीय क्षेत्र डोडरा क्वार के बच्चे हिस्सा लेंगे। टेबल टेनिस प्रतियोगिता की तैयारियों लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की। उपायुक्त ने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 55 स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जिसमें 35 सरकारी स्कूल और 20 निजी स्कूल होंगे। हर स्कूल से 10 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जिसमें 50 फीसदी लड़के और 50 फीसदी लड़कियां होगी। प्रतियोगिता 2 जून से 4 जून 2025 तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहली बार डोडरा क्वार क्षेत्र के बच्चों को टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बुलाया जा रहा है। इसके साथ ही उक्त सभी बच्चों को अंतराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान होने वाली सांस्कृतिक संध्या भी दिखाई जाएगी। इसके अलावा नशे के खिलाफ और खेलों से जुड़ने के लिए बच्चों से आहवान किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं-उप विजेताओं को ट्राफी, सर्टिफिकेट और वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को टीशर्ट भी वितरित की जाएगी। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी जिसके लिए उन्होंने उप निदेशक उच्च शिक्षा को व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

**खिलाड़ियों के साथ करेंगे अधिकारी भोजन**

उपायुक्त ने बताया कि टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दौरान जिला के सभी अधिकारी रात्रि भोजन खिलाड़ियों के साथ करेंगे। इसके साथ ही बच्चों से रूबरू भी होंगे। उपायुक्त स्वयं बच्चों के साथ भोजन करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक डाइट उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जायेगा।

**यह भी रहे मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, अतिरिक्ति जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, उपमण्डल दण्डाधिकारी (ना०) शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा, जिला खेल अधिकारी राकेश धौता, कोच डॉ रविंद्र बांश्टू, जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के महासचिव अभय लखन पाल सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

## लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 ने 22 मई 2025 को एक मिनी मैराथन का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर:** एसजेवीएन 24 मई को अपना 38वां स्थापना दिवस मनाएगा। इसी उपलक्ष मे लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 ने 22 मई 2025 को एक मिनी मैराथन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्वस्थ भारत थीम पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वस्थ भारत के राष्ट्रीय उद्देश्य को बढ़ावा देना था। मैराथन का उद्देश्य स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना भी था, जिसे एसजेवीएन द्वारा 16 से 31 मई 2025 तक देश भर में अपने सभी कार्यालयों में मनाया जा रहा है। श्री विवेक शर्मा, परियोजना प्रमुख ने मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एलएचईपी-1 के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री विवेक शर्मा ने मिनी मैराथन में उत्साहपूर्वक भागीदारी के लिए सराहना व्यक्त की उन्होंने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य को अपनाते रहने और स्वस्थ भारत के विजन में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, यह कार्यक्रम पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न आयु समूहों में आठ विभिन्न श्रेणियों में आयोजित किया गया था, जिसमें एलएचईपी-1 के कर्मचारियों, उनके परिवारों और कार्यालय में तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। मैराथन आरएचपीएस सीआईएसएफ फायर विंग कार्यालय से शुरू होकर, कोयल सबस्टेशन में समाप्त हुआ। मिनी मैराथन के साथ-साथ, सभी कर्मचारियों हेतु रस्सा-कशी का भी आयोजन किया गया, जिससे दिन उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें श्री विवेक शर्मा, परियोजना प्रमुख द्वारा मिनी मैराथन व रस्सा-कशी के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो.चंद्र कुमार ने मैहला में 67 लाख से बने किसान परामर्श केंद्र भवन का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो.चंद्र कुमार ने ग्राम पंचायत मैहला में 67 लाख की धनराशि से निर्मित कृषि विभाग के किसान परामर्श केंद्र एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ कार्यालय भवन का लोकार्पण किया ।

प्रो.चंद्र कुमार ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के समस्त वर्गों का कल्याण सुनिश्चित बना रही है। प्रदेश के सर्वांगीण विकास में हमेशा कांग्रेस सरकारों द्वारा निरंतर दिए योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाने के साथ सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश की आर्थिक स्थिति को और अधिक सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने स्थानीय किसानों को भवन लोकार्पण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब एक छत के नीचे विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध होने के साथ लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक कृषि उपज के समर्थन मूल्य को बढ़ाया है। इसके तहत प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 40 रुपये से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति किलोग्राम और मक्की के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 30



रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति किलोग्राम किया है। इसी तरह प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए एमएसपी 90 रुपये प्रति किलोग्राम करने के साथ चंबा जिला के पांगी उपमंडल में पैदा होने वाली प्राकृतिक कृषि उपज जौ के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम एमएसपी निर्धारित की गई है। प्रो.चंद्र कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 15 जून तक ज़िला में प्राकृतिक खेती से जुड़ने वाले सभी किसानों का पंजीकरण पूर्ण करना सुनिश्चित बनाया जाए । विधायक चंबा नीरज नैय्यर ने अपने संबोधन में कृषि विभाग के सौजन्य से चलाई जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी रखते हुए किसानों- बागबानों - पशुपालकों की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विशेष प्रयासों से भी उपस्थित लोगों को अवगत करवाया । साथ में उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं तथा मांग के अनुरूप सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना वर्तमान प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है। पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री के समक्ष कृषि विभाग में अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने का आग्रह करते हुए कृषि विभाग के माध्यम से स्थानीय कृषि उपज फूलण, भरेष, कोदरा इत्यादि फसलों के बीज किसानों को उपलब्ध करवाने की बात कही। साथ में उन्होंने स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य के लिहाज से भी अपनी पारंपरिक - प्राकृतिक खेती को अपनाने की सलाह दी। कार्यकारी राज्य अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस एवं वरिष्ठ प्रवक्ता राज्य कांग्रेस कमेटी अमित भरमौरी ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने पंचायती राज प्रतिनिधियों से विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनसाधारण तक पहचाने तथा उनसे लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा । कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक कृषि डॉ.जीत सिंह ने स्वागत संबोधन रखते हुए विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

# गन्नौर में सैक्टर 7-8 बनाने के लिए अधिसूचना सैक्शन 4 के संबध में आपत्तियों की हुई सुनवाई

**मांग**

**आज सभी किसान सुनवाई के लिए पहुंचे है। कोई भी किसान सैक्टर के लिए जमीन नही देना चाहता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर में सरकार द्वारा सैक्टर 7-8 बनाने की तैयारियों को लेकर वीरवार को लड़सौली रेस्ट हाऊस में भूमि अर्जन कलैक्टर शहरी सम्पदा विभाग द्वारा अधिसूचना धारा सैक्शन 4 के संबध में आपत्तियों की सुनवाई के लिए रोहतक से एचसीएच अधिकारी श्वेता सुहाग किसानों की सुनवाई के लिए पहुंची। भूमि अर्जन शहरी सम्पदा विभाग की अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने किसानों की आपति दर्ज की और अधिसूचना 4 के विरोध में दायर प्रार्थना पत्र 24 जनवरी 2014 के संदर्भ में पैरवी के लिए सबूत देखे। वहीं आपति दर्ज कराने पहुंचे गांव टेहा, गढ़ी केसरी के पहुंचे किसानों सैक्टर बनाने के लिए जमीन न देने की गुहार लगाई। किसानों का नेतृत्व कर रहे किसान नवीन गढ़ी केसरी ने बताया कि हम किसी भी कीमत में अपनी जमीन नही देना चाहते। किसान छोटे- छोटे जमीन के टूकड़ों से अपना गुजारा कर रहे है। सरकार ने उन्हें रोजगार नही दिया है, अगर उनकी जमीन का अधिग्रहण हो जाता है तो किसान कहा जाएंगे। गढ़ी केसरी के किसान सतपाल ने बताया कि सैक्टर के लिए जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण होना है। सभी किसानों को उनकी सुनवाई के लिए किसानों के पास नोटिस भेजा था।
आज सभी किसान अपनी सुनवाई के लिए पहुंचे है। कोई भी किसान सैक्टर के लिए अपनी जमीन नही देना चाहता।

सैक्टर जमीन के लिए धारा 4 के संबध में आपतियों की सुनवाई की : सुहाग

- इस बारे में रोहतक से पहुंची भूमि अर्जन शहरी सम्पदा विभाग की एचसीएच अधिकारी श्वेता सुहाग ने बताया कि गन्नौर में बनने वाले सैक्टर की जमीन के अधिग्रहण को लेकर आपतियों की सुनवाई की है। इसमें सभी किसानों की सुनवाई होने के बाद जांच करके ही बताया जाएगा कि कितने किसानों की सहमति जताई और कितनों ने आपत्ति।

गन्नौर में हुडा सैक्टर की तैयारी के लिए प्रक्रिया शुरू

गन्नौर में कोई भी रिहायशी सेक्टर नहीं है। कई बार गन्नौर में हाइवे पर सेक्टर विकसित करने का प्लान अधिकारियों ने तैयार भी किया, लेकिन योजना सिरे नहीं चढ़ पाई।

# महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर हुआ महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर हुआ महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन वीरवार को राई स्थित मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय के बंसीलाल ऑडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई। विधायक कृष्णा गहलावत ने महारानी अहिल्याबाई होलकर को पुष्पाजंलि अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास कई महान योद्धाओं, शूरवीरों और क्रांतिकारियों की उपलब्धियों की गाथाओं से भरा हुआ है। इन महान योद्धाओं में पुरुषों के साथ-साथ कई महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जो एक कुशल योद्धा के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करवा चुकी हैं। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि 300वीं जयंती भव्य तरीके से मनाई जा रही है, जिसका उद्देश्य उन वीरांगनाओं की कहानियों को पुनर्जीवित करना है, जिनका जीवन आज के समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं प्रियांसी कुमारी, प्राची, श्रेया गुप्ता, रानी, सानिया, प्रिया, मीनाक्षी, मुस्कान, अंशु, पल्लवी, रिया, कामना, भावना, जेसमीन, नीशू व निकिता को पुरस्कृत किया। मुख्य वक्ता कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण की प्रतीक हैं। उन्होंने विधवा होने के बावजूद शासन की ज़िम्मेदारी को मजबूती से निभाया और महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी। इस मौके पर खरखौदा विधायक पवन,भाजपा जिला अध्यक्ष (गोहाना) विजेंदर मालिक मौजूद थे। मंच संचालन सहायक प्रोफेसर अनु ग्रेवाल ने किया। इस दौरान वेदपाल शास्त्री सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, गैर-शिक्षण स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली संकट बना बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के विकास में रोड़ा, प्रधानमंत्री व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र बिजली संकट को लेकर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सैनी, बिजली मंत्री अनिल विज व उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बिजली आपूर्ति की खराब स्थिति को लेकर गंभीर व्यक्त करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बताया कि पिछले दो वर्षों से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगातार लो वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। यह स्थिति उत्पादन प्रक्रियाओं में बड़े स्तर पर बाधा डाल रही है, जिससे उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उत्पादन लागत में वृद्धि, मशीनरी के खराब होने की घटनाएं, समय पर ऑर्डर की पूर्ति न हो पाना और कई औद्योगिक इकाइयां बंद होना या स्थानांतरित होना आम हो गई है। महासचिव हरप्रीत सिंह ने बताया कि यह संकट केवल उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों का रोजगार भी खतरे में है। एसोसिएशन ने सरकार से इस मामले में जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में बिजली की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### दस्तावेजों का दुरुपयोग कर महिला के नाम पर लिया लोन, धोखाधड़ी का केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव गुमड़ की रहने वाली महिला ने पड़ोसियों पर धोखाधड़ी कर उसके नाम पर लोन लेने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत की, जिस पर गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता नीलम के अनुसार, पड़ोसी राहुल व सचिन ने पीएफ खाता एक ही जगह पर करने के बहाने उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज लिए थे। बाद में उसे पता चला कि एलएनटी बजाज फाइनेंस से उसकी बाइक पर लोन करवा लिया गया है। शुरूआत में आरोपितों ने किश्तें देने का भरोसा दिया और कुछ किश्तें अदा भी कीं, लेकिन बाद में उन्होंने भुगतान बंद कर दिया। अब फाइनेंस कंपनी लगातार किश्तों के लिए दबाव बना रही है। नीलम ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकियां दी गईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निराश्रित बच्चों को प्रतिमाह दी जा रही है 1850 रुपये की वित्तीय सहायता : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जो कि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यापित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी पहल: बड़ौली




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़, 22 मई।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य देश की सांस्कृतिक विविधता में एकता को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता और अखंडता को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होंगे। श्री बड़ौली गुरुवार को सोनीपत स्थित भाजपा कार्यालय में ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।
कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राम कृपाल यादव, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, बिहार के सचिव संजय झा सहित विधायक, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।
कार्यशाला के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बड़ौली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए वन नेशन, वन इलेक्शन, संगठन और अहिल्याबाई होलकर जयंती पर चल रहे अभियानों को लेकर चर्चा की और सवालों के जवाब भी दिए।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 31 मई को रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती को 300 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भाजपा प्रदेश में 31 मई तक अहिल्याबाई होलकर की जयंती धूमधाम से मनाएगी। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जन्म गरीब परिवार में हुआ था। रानी अहिल्याबाई ने एक अच्छी शासन व्यवस्था दी। अहिल्याबाई होल्कर ने पांच वाक्य कहे थे जिनका भाजपा सरकार लगातार अनुसरण कर रही है। अहिल्याबाई ने कहा था किसी भी देश की सीमाएं सुरक्षित हों, किसान समृद्ध हो, देश की सुदृढ अर्थ व्यवस्था और शिक्षित समाज के साथ-साथ महिलाएं आत्मनिर्भर हो।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। भारत के किसान समृद्ध हो रहे हैं।

# सीजेएम इरम हसन ने आदर्श स्कूल का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन वीरवार को आदर्श स्कूल पहुंची। यहां पहुचने पर संचालक हरजीत कौर ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश व खण्ड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित थे।
सीजेएम इरम हसन ने आदर्श स्कूल में कक्षा दसवीं व बारहवीं के टॉपर्स को प्रशंसा पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

# सीएम, कैबिनेट मंत्री, डिप्टी स्पीकर व अन्य नेताओं ने किया शोक व्यक्त

**करनाल टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत दिवस हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरु बचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। आज वीरवार को इनेलो के राष्ट्रीय सचिव अभय चौटाला, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्डा, बावल विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, विधायक ओम प्रकाश यादव, विधायक मूलचंद शर्मा, एडीजीपी हरियाणा डॉ. एम रवि कांतन, पूर्व विधायक रेखा राणा व कलीराम पटवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष के निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। बिता दें स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी का निधन 19 मई को हो गया था। उनका विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व परिजनों के साथ गहरा लगाव था। स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 30 मई को अनमोल गार्डन में दोपहर 1 बजे से लेकर 2 बजे किया जाएगा।

# लक्ष्य जनहित समिति ने ट्री गार्ड में फंसे वट वृक्ष को पीड़ा से दिलाई मुक्ति



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** समाजसेवी संस्था लक्ष्य जनहित सोसाइटी का पूर्ण विकसित पेड़ों को ट्री गार्डों से मुक्त करने का अभियान लगातार जारी है। कुछ साल पहले दयाल सिंह कॉलेज के नजदीक स्थानीय लोगों द्वारा ट्री-गार्ड लगवाकर पौधरोपण किया गया था। बाद में समय बीतने पर इनके तने मोटे होने से लोहे के ट्री गार्ड इसमें फंस गए। ऐसे ही एक वट वृक्ष के ट्री गार्ड में फंसने से पेड़ का विकास अवरुद्ध होने लगा।
सामाजिक संस्था लक्ष्य जनहित समिति के संज्ञान में लाने के बाद संस्था के अध्यक्ष दिनेश बक्शी और उनकी टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और ट्री गार्ड को इलेक्ट्रिक कटर व हथौड़े की मदद से काटा गया। सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने बताया कि सोसाइटी अब तक 1700 से अधिक विकसित पेड़ों को आजादी दिलवाने के साथ पेड़ों से पोस्टर व कील, पिन निकालने का अभियान चला रही है।
उन्होंने बताया कि वे अब तक ये अभियान चलाकर नीलोखेड़ी, तरावड़ी, कुरुक्षेत्र, भिवानी, इंद्री व करनाल सहित अन्य कई जगह पर पूर्ण रूप से विकसित पेड़ों में फंस चुके ट्री गार्डों से वृक्षों को मुक्ति दिला चुके हैं। इस अवसर पर निशिकांत मित्तल, राजेश शर्मा, मनोज सचदेवा, हर्ष गुप्ता, पुनीत छिब्बर, सतेन्द्र गांधी व कुलदीप कंबोज सहित अन्य मौजूद रहे।

# नगरपालिका में नई स्ट्रीट लाइट टेंडर में देरी से जनता परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
नगरपालिका द्वारा छह माह पूर्व खरीदी गई नई स्ट्रीट लाइटें अब तक वार्डों में नहीं लगाई गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों व वार्ड पार्षदों में रोष है।
वार्ड नंबर 15 की पार्षद शिवानी जैन ने एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपकर मामले की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि नई लाइटें व पोल लगाने को लेकर नगरपालिका ने निविदाएं आमंत्रित की थीं, जिसकी अंतिम तिथि 1 मई 2025 थी। लेकिन अभी तक संबंधित टेंडर नहीं खोला गया है।

# सोहाना धरने पर गरजे असंध ब्लॉक के किसान, जताया रोष



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय किसान यूनियन के हलका असंध के कई गांवों के किसानों का जत्था गांव सोहाना के धरने पर पहुंचकर नारेबाजी की। जत्थे में शामिल भाकियू कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ रोष भी जाहिर किया। धरना नौवें दिन में प्रवेश कर गया है। भाकियू असंध कमेटी के प्रधान जोगिन्द्र सिंह झींडा की अगुवाई में कई गांव के किसानों का जत्था वीरवार को धरने पर पहुंचा। ज्ञातव्य है कि गत नो दिनों से करनाल रिंग रोड पर रास्ता बनाए जाने की मांग को लेकर सोहाना गांव के रकबे में लगातार अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है।
भाकियू अध्यक्ष झींडा ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि नौ दिन बीत जाने के बाद भी जिला करनाल प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों की सुध नहीं ले पा रहे हैं, जिसके चलते भाकियू कार्यकर्ताओं में दिन-प्रतिदिन रोष बढ़ रहा है। भाकियू प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, युवा नेता सुरज लाठर व धरने के आयोजक बबलू सोहाना ने धरने पर पहुंचे असंध हलके के किसानों के जत्थे का किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाकर जोरदार स्वागत किया। कल 23 जून को तय कार्यक्रम के तहत ब्लॉक घरोंडा क्षेत्र के भाकियू कार्यकताओं का जत्था धरने पर पहुंचेगा। इस बीच असंध ब्लॉक के जत्थे में शामिल भाकियू कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के साथ चल रहे आंदोलन के बारे में चर्चा की।
भाकियू नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जिला करनाल के प्रशासनिक अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए है। जो सोहाना गांव में चल रहे आंदोलन की अनदेखी कर रहे हैं। इसका खामियाजा प्रशासन को भूगतना पडेगा।उन्होंने कहा कि जब तक करनाल रिंग रोड़ पर रास्ता नहीं बनाया जाता, तब तक ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहेगा।

# नगर निगम 23 मई को कोट मोहल्ला की चौपाल में लगाएगा शिविर: वैशाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम 23 मई दिन शुक्रवार को वार्ड नम्बर 15 के कोट मोहल्ला की चौपाल में एक शिविर आयोजित करने जा रहा है। जिन लोगों ने अभी तक सम्पत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदन नहीं किया है, वह शिविर में आकर आवेदन कर सकते हैं। शिविर का समय प्रात: 10 बजे से बाद दोहपर 3 बजे तक रहेगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों की सम्पत्ति लाल डोरा क्षेत्र के अंतर्गत आती है, उन सम्पत्ति धारकों को हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई पॉलिसी के अनुसार सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने हैं, ताकि उनकी सम्पत्ति का रिकॉर्ड राजस्व रिकॉर्ड में अपलोड किया जा सके और वह अपनी रजिस्ट्री करवा सकें।
यह लाने होंगे दस्तावेज– उन्होंने बताया कि इसके लिए सम्बंधित नागरिक को राजस्व प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित दावेदार का शपथ पत्र, जिसमें आबादी देह, लाल डोरा पर स्वामित्व या कब्जे का स्पष्ट्द उल्लेख हो, पिछले 10 वर्षों का बिजली व जल बिल, सरकार द्वारा जारी कोई भी दस्तावेज जैसे ईपीआईसी, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि जिसमें पता हो, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का पता, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का विवरण देने वाली सम्पत्ति कर रसीदें तथा निर्मित संरचना का प्रमाण जो पिछले 10 वर्षों के कब्जे का प्रमाण हो जैसे दस्तावेज लाने होंगे।

# जेल कैदियों को शिक्षा देना इग्नू समावेशी शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण: डॉ.धर्मपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय केंद्र करनाल हरियाणा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ.धर्म पाल ने बताया कि इग्नू की स्थापना 1985 में हुई थी, इग्नू ने पिछले तीन दशकों से देश में उच्च शिक्षा की पहुँच के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे निरंतर सीखने के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि अपने उद्देश्य के अनुरूप, विश्वविद्यालय एक लागत प्रभावी रणनीति लागू करता है जो अनुकूलनीय और शिक्षार्थी-केंद्रित है, जिसमें पहुँच, गुणवत्ता, समानता और सामर्थ्य पर जोर दिया जाता है, जिसका अंतिम लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। यह दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में पहला विश्वविद्यालय है जिसे नैक (एनएएसी) द्वारा ए प्लस प्लस रैंकिंग और एनआईआरएफ प्रथम रैंकिंग प्रदान की गई है।
डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू, जिसके पास 2006 से ज्यादा शिक्षार्थी सहायता केंद्र और 69 क्षेत्रीय केंद्रों का विशाल तंत्र है, विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों को शिक्षित कर रहा है। 15 अलग-अलग देशों में स्थित 25 विदेशी अध्ययन केंद्रों के साथ इसकी वैश्विक उपस्थिति काफी है। उन्होंने बताया कि इग्नू ने पूरे देश में स्थित क्षेत्रीय केंद्रों के अपने विशाल तंत्र के माध्यम से भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा समर्थित कई पहलों को क्रियान्वित किया है। इग्नू विविध छात्र वर्गों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले, विकलांग, सैन्यकर्मी, हाशिए के समुदायों के छात्र, ट्रांसजेंडर लोग और जेल के कैदी शामिल हैं।
उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, जेल में बंद कैदियों को शिक्षा प्रदान करके समावेशी शिक्षा का एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इग्नू समावेशी शिक्षा के माध्यम से एक समावेशी ज्ञान समाज के निर्माण के लिए प्रयास कर रहा हैं। इसमें जेल कैदियों के लिए विशेष प्रावधान शामिल हैं, जो वंचित वर्गों में से एक हैं। डा. धर्मपाल ने बताया कि कैदियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए जेलों में विशेष शिक्षार्थी सहायता केंद्र स्थापित किये है जो कैदियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद करते हैं , जिनके माध्यम से कैदियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाई जाती है।
इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत 12 जेलों में अध्ययन केंद्र स्थापित किये है। जिला जेल करनाल में 83, कुरुक्षेत्र 21, भिवानी 25, यमुनानगर 84, हिसार 34, हिसार-2 में 34, सोनीपत 43, रोहतक 17,कैथल 15, झज्झर 27 और महेन्दरगढ़ 01 कैदी रजिस्टर्ड हैं।

# सेक्टर 5 में 20 लाख की लागत से होगा 4 पार्कों का विकास कार्य: माफी ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को आधार मानकर तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अब शहर के रूके हुए सभी छोटे और बड़े विकास कार्यों को जल्द शुरू किया जाएगा।
नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा बुधवार को देर सायं सेक्टर 5 में 20 लाख रुपए की लागत से 4 पार्कों के विकास कार्यों का उदघाटन करने उपरांत बातचीत कर रही थी। इससे पहले नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा, पूर्व नपा अध्यक्षा उमा सुधा ने सेक्टर 5 में 20 लाख रुपए की लागत से 4 पार्कों में किए जाने वाले विकास कार्यों का उदघाटन किया।
चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि नगर परिषद की तरफ से शहर की पार्कों, लोहे के बैंच, सीसी की सडकों व गलियों की मुरम्मत जैसे विकास कार्यों पर पूरा फोकस रखकर काम किया जाएगा।

# समाज कल्याण मंत्री ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम की निर्माण इकाई का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समाज** कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने दिव्यांगों के लिए आधुनिक और बेहतर उपकरणों हेतु कानपुर स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय में निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगों के सशक्तिकरण की दिशा में देश में चल रहे सुगम्य भारत अभियान को सफल बनाने में दिल्ली सरकार प्रभावी ढंग से जुटी हुई है। इसी क्रम में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय जाकर नवीनतम





सहायक उपकरणों की जानकारी ली गई है। आधुनिक और सुविधाजनक उपकरणों का लाभ दिल्ली के दिव्यांगजनों को भी मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने अत्याधुनिक निर्माण क्षमताओं तथा दिव्यांगजन के लिए विकसित नवीनतम सहायक उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी। समाज कल्याण मंत्री ने कहा की दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम की तकनीकी नवाचारों और प्रतिबद्धता का लाभ मिलेगा। साथ ही दिल्ली सरकार की ह्यसुगम्य सहायक योजना के तहत संभावित सहयोग पर विस्तृत चर्चा की गई है।

# सरकार को संसद सत्र बुलाकर विपक्ष के सवालों का जवाब देना चाहिए: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पहलगाम हमले** के बाद भारत द्वारा की गई एयर स्ट्राइक और पाकिस्तान से हुए संघर्ष और संघर्ष विराम से लेकर विदेशों में सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजे जाने तक देश की राजनीति में नित नए परिदृष्य बदल रहे हैं। जिसको लेकर अब खुलकर बयानबाजी भी हो रही है। इस पूरे प्रकरण पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि जिस दिन पहलगाम हमला हुआ उसी दिन हमारे नेता राहुल गांधी विदेशी दौरे को बीच में छोड़कर वापस आ गए थे और उन्होंने साफ-साफ कह दिया था कि इस आपात स्थिति में हम सरकार के हर



निर्णय के साथ हैं और ना सिर्फ कांग्रेस ने बल्कि सभी विपक्षी दलों ने सरकार को समर्थन दिया था। लेकिन इसके विपरीत हमारे प्रधानमंत्री विदेशी दौरा छोड़कर वापस तो आते हैं लेकिन अगले ही दिन बिहार में चुनावी रैली जा करते हैं। तो इससे साफ पता चलता है कि किसकी क्या प्राथमिकता हैं। उनके लिए चुनाव प्रथम हो सकता है लेकिन हमारे लिए नागरिक प्रथम है, इसलिए हमारे नेता राहुल पहलगाम जाकर हस्पताल में दाखिल हताहतों से मिलते हैं। हमले के दिन से सीजफायर तक जहां सभी विपक्षी दलों ने सरकार को समर्थन दिया। वहीं सरकार दो-दो सर्वदलीय बैठक आयोजित करती है लेकिन स्वयं प्रधानमंत्री दोनों बैठकों से नदारद रहे। संवेदनहीनता का इससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है। इस सारे प्रकरण पर राहुल ने सवाल तब पूछा जब सीज फायर के कई दिन बाद विदेश मंत्री ने बयान दिया कि हमने पाकिस्तान को पहले ही बता दिया था कि हम आतंकी ठिकानों पर ही हमला करेंगे।

# प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: ऑप्रेशन सिंदूर** की कामयाबी के बाद भाजपा द्वारा हमारे सैनिकों के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, इस तिरंगा यात्रा में भाजपा के बडे-बडे पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ हजारों की तादात में आम नागरिकों ने भी बडी ही शान के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान जहां से भी तिरंगा यात्रा निकली वहां का माहौल देशभक्ति से गूंज उठा और बस एक ही नारा गूंजयामान रहा, वंदे मातरम, और हिंदूस्तान जिंदाबाद था और जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा। इसी कड़ी में चांदनी चौक जिला में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद एक भव्य तिरंगा यात्रा का



आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा उन वीर जवानों के सम्मान में निकाली गई जिन्होंने पाकिस्तान की धरती पर आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर भारत की सैन्य शक्ति, रणनीतिक कौशल और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं का परिचय दिया। इस यात्रा का नेतृत्व चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने किया। लालकिले से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा, महिला संगठन और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, राजा खारी, संजीव सभरवाल, कुलदीप चौधरी, लता सोढ़ी, हीरा सिंह चांदनी चौक विधानसभा संयोजन हरीश असड़ी, सारीका श्रीवास्तव, सीमा गुप्ता, निगम पार्षद विकेश सेठी सहित सैंकड़ों की तादात में लोगों ने भी हिस्सा लिया।

# आजादपुर गांव में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आजादपुर** गांव में भारतीय सेना के सम्मान में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर विधायक राजकुमार भाटिया, सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा, सुरेंद्र बुद्धिराजा, ऋषिपाल, विनोद सैनी, तेजवीर माथुर, श्री कांत पांडेय, उषा वर्मा, रितू, रजनी, प्रीति गुप्ता, तिलक, कृष्ण, सनी, इंद्रजीत मौजूद रहे। इस मौके पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा सहित कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# पर्यावरण मंत्री सिरसा ने की जलवायु जनजागरुकता कार्यक्रम की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। पर्यावरण मंत्री** मनजिंदर सिंह सिरसा ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस जलवायु जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य राजधानी दिल्ली के लगभग दो लाख छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। यह अभियान न केवल जागरूकता फैलाएगा, बल्कि युवाओं के व्यवहार में परिवर्तन लाकर उन्हें जलवायु परिवर्तन के समाधान का हिस्सा बनाएगा। दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग और ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौता ज्ञापन के तहत जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं और सतत (सस्टेनेबल) जीवनशैली की समझ को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त जनजागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस पहल के क्रियान्वयन के लिए दिल्ली सरकार टेरी को 40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर रही है। यह कार्यक्रम दिल्ली के 2000 इको-क्लब्स और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से संचालित होगा, जिसमें लगभग 2 लाख स्कूल और कॉलेज छात्र भाग लेंगे। इस अभियान के तहत 80 "पर्यावरण संरक्षक" नामित और प्रशिक्षित किए जा रहे हैं, जो संस्थानों में इको-लीडर के रूप में कार्य करते हुए अभियान को आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए जून से नवंबर 2025 के बीच इंटरएक्टिव आईइसी किट्स, कार्यशालाएं और सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं और स्थायी जीवनशैली के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस अभियान में कहानी कहने, खेल, रचनात्मक संवाद और वास्तविक जीवन के 'इको-एक्शन' शामिल होंगे, जो छात्रों में गहरी पर्यावरणीय चेतना उत्पन्न करेंगे।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के झडौदा में वार्ड अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा, गर्मजोशी से लगाए देश भक्ति ने नारे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: ऑप्रेशन सिंदूर** की कामयाबी के बाद भाजपा द्वारा हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में जिले व मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में हमारे देश के वीर सैनिकों के सम्मान में बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झडौदा में मंडल अध्यक्ष संजीव झा की अगुवाई में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजीव झा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर उनके साथ झडौदा वार्ड से पूर्व निगम





पार्षद रेखा सिन्हा सहित भाजपा के सैकंड़ों कार्यकर्ता,पदाधिकारी के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों ने भी इस तिरंगा यात्रा में भागीदारी निभाई। इस दौरान देशभक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद है, जिंदाबाद था, जिंदाबाद रहेगा जैसे नारे लगाए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव झा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह हमारे वीर जवानों के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य इस सफलता का जश्न मनाना और देश के प्रति अपनी एकता और अखंडता का संदेश देना है। इस मौके पर पूर्व पार्षद रेखा सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया गया है।

# लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करने में आगे है निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने क्षेत्र स्थित केशव समुदाय भवन, जहांगीरपुरी दमकल केंद्र स्थित बड़े नालों की साफ-सफाई करने का बीडा उठाया, इस दौरान जेसीबी मशीन द्वारा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मदद से साफ करवाया गया। उल्लेखनीय है कि पार्षद राठौर इस तरह से क्षेत्र का पूरा ख्याल रखते है और समय-समय पर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाते रहते है और साथ ही जनता दरबार का भी आयोजन करते रहते है जिसके तहत क्षेत्र में रह रहे लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निवारण भी करते है।



भारतवर्ष में कम्प्यूटर व संचार क्रांति के प्रणेता, भारतरत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भाद्वाज व अन्य।

## शिक्षा मंत्री ने शकूरबस्ती के दो स्कूलों का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली। शिक्षा मंत्री** आशीष सूद ने गुरुवार को शकूरबस्ती विधानसभा के सर्वोदय सह शिक्षा विद्यालय सी ब्लॉक सरस्वती विहार और राजकीय उच्चतर सह शिक्षा विद्यालय रानीबाग का निरीक्षण किया। मंत्री ने दोनों स्कूलों के बच्चों के साथ संवाद और प्रश्नोत्तर किए। इस अवसर पर मंत्री के साथ स्थानीय विधायक करनैल सिंह, शिक्षा निदेशक, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। स्कूलों के निरीक्षण के बाद मंत्री ने बताया कि विधायकों की शिकायत पर दिल्ली के स्कूलों का समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है।

# गरीबों के आशियाने उजाड़कर भाजपा गरीब विरोधी होने का सबूत दे रही है: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि जिस तरीके से भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली में रेहड़ी पटरी वालों और गरीब झुग्गीवालों को उजाड़ने की मुहिम चला रही है उससे साफ हो गया है कि चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं का झुग्गी बस्तियों में रात बिताना और रेहड़ी पटरी वालों का हितैषी बनने का ढ़कौसला करना सिर्फ वोट बटौरने का राजनीति नाटक था। भाजपा सत्ता में आते ही कमरतोड़ महंगाई और रिकार्ड बेरोजगारी झेल रहे झुग्गी-झौपडी और रेहड़ी पटरीवाले गरीबों पर



लगातार प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि अजीविका का अधिकार एक मौलिक अधिकार होने के बावजूद भाजपा लोगों का रोजगार छीनने का काम कर रही है। क्या रोजगार और आवास देने व विकास करने का यही भाजपा का वादा था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि रेहड़ी पटरी एक्ट 2014 रेहड़ी पटरी अजीविका सरंक्षण कानून 2014 को कांग्रेस की यूपीए सरकार ने देश भर में शहरी रेहड़ी पटरी विक्रेताओं की अजीविका की रक्षा और उनकी गतिविधियों को नियमित करने के लिए कानून बनाकर रेहड़ी पटरीवालों को उनकी अजीविका की सुरक्षा प्रदान करने का अधिकार दिया था। दिल्ली में 5 लाख से भी अधिक रेहड़ी पटरीवाले है जिनको स्थाई जगह और नियमित करने के लिए सरकारों को सर्वे किया जाना था और टाउन वेंडिंग कमेटियों को गठन करके उन्हें लाईसेंस जारी किया जाना था।

# हम सभी को करना चाहिए रक्तदान: राहुल प्रजापति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गरीबों व** असहायों की मदद करना पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीबों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता



है, जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

# एसओएसई स्कूलों में छठी व ग्यारवीं कक्षा में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू किए जाए: जीएसटीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजकीय** विद्यालय शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री, दिल्ली सरकार को एक पत्र लिखकर समर ग्रीष्म अवकाश के दौरान ही स्कूल्स ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में छठी व ग्यारहवीं कक्षा के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र शुरू किए जाने की मांग की है। संघ महासचिव अजय वीर यादव ने कहा की हम सबसे पहले शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने दिल्ली बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन को समाप्त कर, इन विशिष्ट विद्यालयों को सीधे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा



बोर्ड से संबद्ध किया। यह निर्णय शैक्षिक पारदर्शिता, राष्ट्रीय स्तर की मान्यता, और छात्रों के भविष्य के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इसके अतिरिक्त, संघ ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की भी सराहना की है, जिसने न केवल प्रवेश प्रणाली में पारदर्शिता और सरलता लाई है, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को भी ऑनलाइन माध्यम से जोड़ने का अवसर दिया है। जीएसटीए का यह स्पष्ट मत है कि चूँकि कक्षा 10वीं का परिणाम आ चुका है और कई मामलों में भौतिक सत्यापन भी पूर्ण हो चुका है, अतः यह उचित रहेगा कि ग्रीष्मावकाश के समापन के तुरंत बाद ग्यारहवीं की कक्षाएं सुचारू रूप से आरंभ की जा सकें। साथ ही, कक्षा 6 के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया ग्रीष्मावकाश के दौरान ही शुरू की जाए ताकि नए छात्रों का समय पर पंजीकरण संभव हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने रु 299 प्रति सदस्य ऐड-ऑन के साथ अपने फैमिली प्लान्स को बनाया और भी फ्लेक्सिबल

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज अपने फैमिली पोस्टपेड प्लान्स में नए ऐड-ऑन फीचर की घोषणा की है, जिसके तहत उपभोक्ता मात्र रु 299 प्रति सदस्य का शुल्क देकर अपने मौजूदा फैमिली प्लान में कुल 8 सदस्यों को शामिल कर सकते हैं। यह वी ऐप के जरिए मौजूदा वी फैमिली प्लान में परिवार के और सदस्यों को शामिल करने का सुविधाजनक तरीका है, जिससे परिवार के सभी सदस्य वी के शानदार फायदों का लाभ उठा सकते हैं। वी का नया ऐड-ऑन फीचर सुनिश्चित करता है कि इस प्लान के तहत हर सदस्य को 40 जीबी हाई-स्पीड मंथली डेटा मिले। रु 299 प्रति कनेक्शन के शुल्क पर यह मार्केट में मौजूद सबसे प्रतिस्पर्धी विकल्प है, जो उपभोक्ता को उत्कृष्ट मूल्य और सुविधा प्रदान करता है। यह प्लान वी की मौजूदा फैमिली पोस्टपेड रेंज का पूरक है, जिसमें रु 701 की शुरुआती शुल्क पर दो से पांच सदस्यों के लिए डेटा, ओटीटी, वॉइस एवं एसएमएस के फायदे शामिल हैं। रु 299 के ऐड-ऑन फीचर के साथ वी के उपभोक्ता अब अपने अकाउन्ट में 8 तक सैकण्डरी सदस्य शामिल कर सकते हैं और अपने प्लान को अपग्रेड किए बिना ज्यादा प्रत्यास्थता का लाभ उठा सकते हैं। उदाहरण के लिए वर्तमान में वी मैक्स फैमिली रु 701 के प्लान में 2 कनेक्शन शामिल हैं- 1 प्राइमरी और 1 सैकण्डरी। इस ऐड-ऑन फीचर के साथ रु 701 प्लान के यूजर रु 299 प्रति सदस्य के शुल्क पर 7 तक अतिरिक्त सैकण्डरी सदस्य शामिल कर सकते हैं।
वी के फैमिली पोस्टपेड प्लान एक ही बिलिंग, व्यक्तिगत डेटा आवंटन एवं लागत में बचत के साथ अकाउन्ट मैनेजमेन्ट को आसान बनाते हैं। यह नया फीचर भारतीय परिवारों की बदलती जरूरतों के अनुसार उन्हें व्यवहारिक समाधान उपलब्ध कराने की वी की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है।

### क्या आपने देखा है रेड एनवेलप एक नया रहस्य जो सबको कर रहा है हैरान

**नई दिल्ली।** इन दिनों एक अजीबोगरीब लाल लिफाफा सुर्खियों में है लेकिन यह आपके मेलबॉक्स में नहीं, बल्कि फ्लाइट्स, लाउंज, होटलों, लोगों की बातचीत और अब सोशल मीडिया पर दिखाई दे रहा है। इसका कोई भेजने वाला नहीं है। कोई निर्देश नहीं। बस एक रहस्यमयी पंक्ति लिखी है: जिस 6 घंटे में आप यात्रा कर रहे थे, क्या आपके पैसे ने और पैसा कमाया इस सिलसिले की शुरूआत एक रहस्यमयी व्यक्ति से हुई, जो उड़ान के दौरान किसी सीक्रेट सोसाइटी के बारे में गा रहा था। इसके कुछ ही समय बाद ये लाल लिफाफे अचानक सामने आने लगे, जिनके बारे में कहा जाता है कि ये किस्मत को सील कर देते हैं। कुछ लिफाफे इंस्टाग्राम हैंडल तक पहुंचे, लेकिन वहाँ से कोई जवाब नहीं मिला झ सिर्फ और रहस्य भरी पहेलियाँ सामने आईं। बिजनेस ट्रैवलर्स से लेकर जनरेशन जी एक्सप्लोरर्स तक, हर कोई यही पूछ रहा है झ आखिर ये रेड एनवेलप सोसाइटी है क्या भारतीय एयरपोर्ट्स पर कई जिज्ञासु यात्रियों को ये रहस्यमयी लाल लिफाफे मिलने लगे हैं। इनमें कभी कोई रहस्यमयी धुन होती है, तो कभी कोई नोट जो धन के रहस्यों की ओर इशारा करता है। कुछ लोगों ने बताया कि ये लिफाफे खुद-ब-खुद नष्ट हो गए, तो कुछ का कहना है कि इन्हें खोलने पर ये किसी गुप्त ऑनलाइन कोड तक ले जाते हैं। अब ये पूरा रहस्य @नाम के इंस्टाग्राम हैंडल पर केंद्रित होता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अब यही संदेश देश के कई शहरों के एयरपोर्ट्स पर डिजिटल होर्डिंग्स पर चमकता दिख रहा है, जिससे लोगों की जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। लाउंज में होने वाली फुसफुसाहट से लेकर इंस्टाग्राम और पर ट्रेंड करती पोस्टों तक, रेड एनवेलप सोसाइटी हर टर्मिनल और हर शहर में चर्चा का विषय बन गई है। क्या यह किसी नए दौर का फाइनेंशियल कल्ट है कोई ताकतवर स्टॉक मार्केट नेटवर्क कोई सीक्रेट क्लब या फिर भारत में लंबे समय बाद दिखी सबसे अनोखी शहरव्यापी 'खजाने की खोज' इसके पीछे कौन है कोई गुप्त निवेश समूह कोई परफॉर्मेंस आर्ट प्रोजेक्ट या फिर कुछ और भी बड़ा जो भी हो, रेड एनवेलप सोसाइटी ने लोगों के बीच गहरी उत्सुकता जगा दी है – और अब हर कोई इसकी गुत्थी में उलझता जा रहा है।

### होंडा ने भारत में बढ़ाई बाइक बनाने की क्षमता

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि. (एचएमएसआई), जो भारत में होंडा की मोटरसाइकिल उत्पादन और बिक्री से जुड़ी सहायक कंपनी है, ने अपने चौथे संयंत्र (विठलापुर, ज़िला अहमदाबाद, गुजरात) में चौथी प्रोडक्शन लाइन स्थापित करने की घोषणा की है। यह नई लाइन वर्ष 2027 से चालू होगी और इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6.5 लाख यूनिट होगी। इसके साथ ही संयंत्र की कुल क्षमता बढ़कर 26.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी, जिससे यह संयंत्र होंडा का विश्व में सबसे बड़ा मोटरसाइकिल असेंबली प्लांट बन जाएगा।
फिलहाल एचएमएसआई के भारत में कुल चार उत्पादन संयंत्र हैं, जिनकी संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 61.4 लाख यूनिट है। कंपनी ने अप्रैल 2025 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कुल उत्पादन में 7 करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर लिया है, जो कि वर्ष 2001 में उत्पादन शुरू करने के 25 वर्षों बाद हासिल हुआ है।

# बरसात से पहले हो सभी नालों, ड्रेनों, सीवरेज की सफाई, प्रशासन की सक्रिय तैयारी शुरू : डीसी

**फीडबैक**

▶▶ स्थानीय नालों की सफाई के समय जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद, देंगे काम का फीडबैक



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबाद में मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक कर जरुरी दिशा-निर्देश दिए। पार्षद सरपंच और निगम मेयर ने जरुरी सुझाव व समस्याओं पर चर्चा की। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग समेत शहर के बाकी हिस्सों में बरसाती पानी जमा न हो। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने आज वीरवार को नगर निगम, एफएमडीए, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, पार्षदों और सरपंचों के साथ एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मेयर प्रवीण जोशी भी उपस्थित रही। *पार्षदों के साथ साझा होगा नालों की सफाई का एक्शन प्लान*मेयर प्रवीण जोशी ने सभी पार्षदों और सरपंचो से कहा कि आपके क्षेत्रों में जहां भी नालों पर अतिक्रमण है प्रशासन के साथ मिलकर उसको हटवाएं और किसी भी जगह नया अतिक्रमण न होने दे। शहर को स्वच्छ बनाने में सभी अपना योगदान दे। इसके लिए एफएमडीए और नगर निगम की ओर से तैयार किया गया एक्शन प्लान जगह वार पहले ही पार्षदों के साथ साझा कर दिया जायेगा। पार्षद प्लान के मुताबिक अपनी मोजुदगी व जरुरी सुझाव विभाग को मुहैया करा सकते है।
उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के पहले सभी नालों, ड्रेनों एवं सीवरेज की सफाई पूरी कर ली जाए। उन्होंने सभी नगर निकाय, जल आपूर्ति, शहरी विकास और लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय से काम करें और सभी नालों और सीवरेज लाइनों की सफाई का कार्य समय रहते पूरा कर लें। उन्होंने सभी मुख्य नालों की डी-सिल्टिंग (गाद निकालने) का कार्य की मौजूदा स्थिति का आकलन किया।

## एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट ने मंदिरों के आसपास से 13 बच्चे रेस्क्यू किये



**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडिया मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी के पत्र लिखने के बाद एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट ने कार्यवाही शुरू की और 13 बाल श्रमिकों को रेक्यू किया।
गुरुवार को पत्र के अनुपालन में विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग, जन साहस संस्था व डीपीओ कार्यालय के सहयोग से वृन्दावन स्थित श्री प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर तथा श्री विहारी मन्दिर वृन्दावन के आस पास बाल भिक्षावृत्ति एंव बालश्रम रोकथाम अभियान चलाया गया। कुल 13 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू किया गया जिसमें छह नाबालिग बालकों को बालश्रम में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए मौके पर छोड़ा गया तथा भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए सात बालक, बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिति मथुरा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

## सड़क पर पानी भरा देख नाराज हुए सीडीओ



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे से वृंदावन (पागल बाबा मन्दिर) तक (अन्य जिला मार्ग) फोर लेन मार्ग के निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सीडीओ ने देखा कि ब्रिज के आवागमन मार्ग जो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कराया गया है, पर पानी की पाइप लाइन टूट जाने के कारण पानी भरा गया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि रोड़ पर टूटी हुई पानी की पाइप लाइन को तत्काल सही कराया जाये। साथ ही अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया वह अधिशासी अभियन्ता जल निगम शहरी से समन्वय कर टूटी हुई पाइप लाइन को तत्काल सही कराकर मरम्मत होने के उपरान्त सडक मार्ग को सही कराया जाये, जिससे इस मार्ग से वृन्दावन आने जाने वाले यात्रियों को आम जनमानस को किसी भी प्रकार का अवरोध न हो।

## शादी का विश्वास दिला किया ब्लैकमेल, अब गया जेल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना वृन्दावन पुलिस ने शादी का झांसा देकर बलात्कार करने, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये ले लेने एवं सोने की चूडियों की मांग करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गुरूवार को थाना वृन्दावन मथुरा पुलिस द्वारा थाना वृन्दावन पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गुलशन पुत्र सुनील निवासी मानिकपुर कलोनी थाना डबरा जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश उम्र करीब 24 वर्ष को ओमेक्स तिराह से गिरफ्तार किया गया। थाना वृन्दावन पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। इस संबंध में बुधवार को पीडिता ने थाना वृन्दावन पर तहरीर दी थी कि अभियुक्त गुलशन द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये

## निर्माणाधीन गोविन्द नगर सड़क को देखने पहुंचे नगर आयुक्त

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गुरूवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश ने अर्बन रोड़ इन्फ्रास्टचर डेवलपमेन्ट एजेन्सी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रीन रोड़ इन्फ्रास्ट्रक्कर डेवलपमेन्ट स्कीम के तहत निमार्णाधीन गोविन्द नगर सड़क का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य देखा। उन्होंने साइट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जग प्रवेश ने मैप का अवलोकन कर प्लान की जानकारी ली गई। कार्यदाई संस्था को रोड का निर्माण कार्य समय अंतर्गत करने के निर्देश दिए। सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी को मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को नियम अनुसार हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समय समय पर कार्य की प्रगति का निरीक्षण नगर आयुक्ता द्वारा किया जाएगा। इसी के साथ कार्य में लगे सभी संबंधित विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि मौके पर उपस्थित रहकर अपने पर्यवेक्षण में कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, महाप्रबंधक जलकल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, मुख्य अभियंता अमरेंद्र गौतम, अवर अभियन्ता मुनि देव एवं मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन के प्रतिनिधि एवं अभियंता उपस्थित रहें।



# मनोहर तोहफा : दिव्यांगों को सरकारी आवास आवंटन में मिलेगा चार प्रतिशत आरक्षण

**ऐतिहासिक कदम**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में दिव्यांगजनों की बढ़ेगी भूमिका



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली, (संतोष गर्ग)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान के लिए संकल्पबद्ध हैं। प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने आवासीय पूल में दिव्यांगजनों को चार प्रतिशत आरक्षण का मनोहर तोहफा दिया है, जोकि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में सबसे महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।
केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के दिव्यांगजनों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले से दिव्यांगों की प्रधानमंत्री के विकसित भारत-२०४७ के संकल्प में भागीदारी बढ़ेगी। साथ ही, दिव्यांगजनों को केंद्र सरकार के आवासीय पूल में सुगमता के साथ आवास मुहैया होंगे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का कहना है कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से दिव्यांगों के लिए समावेशी समाज बनाने की पहल की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास संकल्प को सिद्धी तक पहुंचाते हुए सुगम्य भारत अभियान के तहत नागरिकों को समाज अवसर की प्रतिबद्धता को लेकर चार प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।
दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-२०१६ के अनुरूप आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय और संपदा निदेशालय की ओर से इस बारे परिपत्र जारी कर दिया गया है। अब दिव्यांगों को केंद्र सरकार की आवासीय सुविधाएं मिलने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा, चार प्रतिशत आरक्षण के चलते दिव्यांगों को केंद्रीय आवासीय पूल में सुगमता के साथ आवास उपलब्धता बढ़ेगी।
जीपीआरए के आवंटन में दिव्यांगों को मिलेगी प्राथमिकता
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के इस महत्वपूर्ण फैसले से दिव्यांगजनों को जीपीआरए (जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन) में प्राथमिकता मिलेगी। जोकि सामान्य पूल में प्रत्येक प्रकार (केवल टाइप-ङ्क तक, छात्रावास सहित) में एक महीने में उपलब्ध रिक्तियां का चार प्रतिशत होगी। पात्र दिव्यांग आवेदको प्रारंभिक आवंटन/जीपीआरए में परिवर्तन दोनों के लिए एकीकृत प्रतीक्षा सूची में प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि सरकार द्वारा जारी किया गया विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) कार्ड विकलांगता के प्रमाण के लिए एक वैध दस्तावेज होगा। हालांकि चार प्रतिशत से कम के आवंटन स्वचालित आवंटन प्रणाली (एएसए) के माध्यम से किए जाएंगे, जिसके लिए पात्र दिव्यांग आवेदकों को हर महीने ई-सम्पदा वेबसाइट पर बोली लगानी होगी।

## बरात में बवाल: छह लोग घायल, तीन नामजद समेत 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गांव भूरेका में मंगलवार रात दलित युवती की शादी में डीजे को लेकर विवाद हो गया। इसमें कुछ लोगों मारपीट कर दी। रात भर पुलिस की मौजूदगी में शादी की रस्में हुईं। बुधवार सुबह पुलिस के जाते ही मारपीट करने वालों ने फिर हमला बोल दिया। इससे दुल्हन पक्ष के छह लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने विदाई की रस्मे कराकर बरात को अलीगढ़ बार्डर तक छोड़ा, फिर तीन नामजद समेत 20 से 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। नौहझील थाना क्षेत्र के गांव भूरेका निवासी दलित समाज की मुनेश देवी की बेटी कल्पना की शादी आकाश निवासी नगला पदम चंडौस अलीगढ़ के साथ तय हुई थी। मंगलवार रात बैंड व डीजे के साथ बरात चढ़ रही थी। डीजे पर पड़ोसी गांव नावली के नामजद युवक व अलीगढ़ के महारामगढ़ी गांव निवासी एक नामजद युवक डीजे पर नाचने लगे। रात साढ़े 12 बजे गांव के पंचायत घर पर बरात पहुंची। इसके चलते डीजे बंद कर दिया गया। नामजद युवकों ने डीजे बजाने को कहा, डीजे संचालक के मना करने पर युवकों ने मारपीट कर दी। परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। सीओ मांट गुंजन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। आरोपित मौके से फरार हो गए। शादी में रात भर पुलिस तैनात रही। बुधवार सुबह आठ बजे पुलिस के जाते ही छह बाइकों पर तीन तीन हमलावर पहुंचे और दुल्हन पक्ष पर हमला बोल दिया। हमले में सूरजमुखी, पूरन सिंह, मनीष कुमार, प्रहलाद सिंह, धीरज व सुरेश चंद घायल हो गए। स्वजन घायलों को लेकर नौहझील थाना पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## विद्युत विभाग ने घुटनों पर ला दिया उपभोक्ता

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विद्युत विभाग के चक्कर में जो पड जाए उसकी चप्पलें घिस जाती हैं लेकिन हासिल कुछ नहीं होता। विद्युत विभाग के अदने से लिपिक ने इस उपभोक्ता को घुटनों पर ला दिया। बिजली विभाग द्वारा मनमाने तरीके से कनेक्शन का भार बड़ा दिया तो इससे परेशान होकर युवक हाथ में नारियल लेकर दण्डवत परिक्रमा कर तहसील में स्थित एसडीएम कार्यालय पहुँचा और अधिशासी अभियंता के लिपिक पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। गुरुवार को सुरीर कलां निवासी रमाकांत पाठक हाथ में नारियल लेकर दण्डवत परिक्रमा करते हुए एसडीएम कार्यालय बिजली विभाग की शिकायत लेकर पहुंचा और अधिशासी अभियंता के लिपिक पर रिश्वत लेने और मनमाने तरीके से घरेलू कनेक्शन का भार बड़ा देने का आरोप लगाया

## पलवल जिला में नहीं होने दिया जाएगा अवैध खननः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।** जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अवैध खनन रोकने के लिए विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा सरकार व खनन विभाग हरियाणा के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन पलवल में अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए अवैध खनन रोकने के लिए पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। उन्होंने कहा कि जिला में किसी को अवैध खनन नहीं करने दिया जाएगा। जिला में अवैध खनन पर जिला प्रशासन की टीम की ओर से सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिला खनन विभाग की और से वाहनों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए सख्त जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए टास्क फोर्स की ओर से समय-समय पर छापामार कार्यवाही की जा रही है। छापेमारी के दौरान विभागीय अधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहते हैं तथा इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी कराई जाती है।
उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ विभिन्न स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन रोकने सहित बिना ई-रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर सरकार की पैनी नजर है। इसी कड़ी में जिला पलवल में दिन रात खनन विभाग की टीम जहां सडकों पर मॉनिटरिंग कर रही है वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।
उन्होंने बताया कि टीम द्वारा पलवल जिले में निरन्तर अवैध खनन न हो इसकी जांच की जा रही है साथ ही जिला से निकलने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य कनेक्टिविटी पर चेकिंग टीम द्वारा खनिज वाहनों की जांच की जा रही है।



# स्त्री के लिए पति परमेश्वर समानः व्यास कृष्ण जी महाराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।** गुप्ता कॉलोनी के ऐतिहासिक शिव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन व्यास वासुदेव कृष्ण जी महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि स्त्री के लिए पति परमेश्वर समान होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल एक सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि एक पवित्र धर्म संस्कार है, जिसमें पत्नी अपने पति को ईश्वर तुल्य मानकर सेवा और समर्पण भाव से जीवन यापन करती है।
व्यास जी ने कहा कि आज की पीढ़ी को चाहिए कि वह सनातन परंपरा की गहराई को समझे।




उन्होंने रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार देवी रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को अपने सर्वस्व के रूप में स्वीकार कर जीवन के हर चरण में निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया।
कथा के माध्यम से संस्कारों का संदेश
श्रीमद्भागवत कथा के इस दिव्य आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो रहे हैं। कथा के तीसरे दिन विवाह, परिवार, और स्त्री-पुरुष के दायित्वों पर विशेष चर्चा की गई। व्यास कृष्ण जी महाराज ने कहा, च्आज के युग में पारिवारिक संबंधों में दरार आ रही हैं क्योंकि हमने अपने ऋषि-मुनियों के बताए हुए आदर्शों को भुला दिया है। स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। एक आदर्श स्त्री वही होती है जो अपने पति को ईश्वर तुल्य माने और एक आदर्श पुरुष वही होता है जो अपनी पत्नी का सम्मान करे और उसे देवी तुल्य माने।
उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह विचार स्त्री की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति और सहनशीलता का प्रतीक है। च्जिस प्रकार सीता जी ने श्रीराम के साथ वनवास में कष्ट सहे, रुक्मिणी जी ने श्रीकृष्ण के चरणों में अपने भाव समर्पित किए, वैसे ही आज की स्त्रियों को भी अपने संस्कारों को जीवित रखना होगा,ज्ज उन्होंने कहा। भक्ति भाव से सराबोर हुआ शिव मंदिर परिसर
कथा स्थल पर भजन-कीर्तन और प्रवचनों के साथ वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है और कथा के समापन पर भंडारे और हवन का आयोजन भी किया जाएगा। कथा आयोजन समिति के संयोजक पंडित हरिनारायण शर्मा ने बताया कि कथा ७ दिवसीय है और इसका समापन रविवार को विशाल भजन संध्या एवं प्रसादी वितरण के साथ होगा।

## 10 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अवैध अतिक्रमण एवं प्रतिबंध प्लास्टिक के उपयोग के विरुद्ध नगर निगम लगातार अभियान चला कर कार्यवाही कर रहा है। शासन के द्वारा निकायों में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते के लिए निर्देशित किया गया है। नगर आयुक्त के द्वारा भी नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, जोनल प्रभारी औरंगाबाद, के निर्देशन में नगर निगम की टीम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की गई। नगर निगम की टीम द्वारा आज सिविल लाइन से लेकर टाउनशिप चौराहे तक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाते हुए लगभग 10 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई एवं कुछ प्रतिष्ठान संचालको एवं ठेले खोमचे संचालकों के द्वारा मार्ग के फुटपाथ पर किए हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2



## फास्ट न्यूज

### नीट पीजी के लिए काउंसलिंग से पहले फीस का खुलासा करें सभी यूनिवर्सिटी : सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने पीजी मेडिकल कोर्स में सीटों के बड़े पैमाने पर ब्लॉक करने पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी निजी और डीम्ड यूनिवर्सिटी को नीट पीजी के लिए काउंसलिंग से पहले फीस का खुलासा करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला यूपी सरकार की उस याचिका पर आया है, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2018 के एक फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सीट को ब्लॉक करने से सीट के वास्तविक उपलब्धता का पता नहीं चलता है और इससे अभ्यर्थियों के बीच असमानता पैदा होती है। कोर्ट ने कहा कि सीट ब्लॉक करना न केवल गलत काम है, बल्कि इससे पारदर्शिता प्रभावित होती है। कोर्ट ने प्रशासन को सीट ब्लॉक करने पर दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया। इन दंडात्मक कार्रवाईयों में सिक्योरिटी डिपॉजिट जब्त करने के अलावा भविष्य की नीट-पीजी परीक्षाओं से अयोग्य घोषित करने और दोषी कॉलेजों को ब्लैकलिस्ट करना शामिल है।

### कनॉट प्लेस की तर्ज पर होगा मार्केटिंग काम्प्लेक्स का निर्माण

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में मार्केटिंग कंपलेक्स दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर बनाया जाएगा। बुधवार को इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए डीसी चंदन कुमार अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस दौरान गोला मार्केटिंग परिसर के निर्माण के लिए तैयार की गई कार्य योजना की जानकारी साझा की गई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर गोला मार्केटिंग परिसर का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें 78 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। डेली मार्केट के लिए 84 वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। बैठक के दौरान डीसी चंदन कुमार ने गोला मार्केटिंग परिसर के निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण करने का जिम्मा गोला सीओ को दिया। उन्हें जमीन की मापी करने और तत्काल व्यवस्था के तहत स्थल पर वेंडिंग जोन की घेराबंदी करते हुए थोक विक्रेताओं के लिए स्थान चिन्हित करने का निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों और लोगों की ओर से वेंडिंग जोन निर्माण से संबंधित कई सुझाव एवं जानकारी साझा की गई। इस पर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अहिल्याबाई के नाम पर होगा औरैया का मेडिकल कॉलेज: योगी

- मुख्यमंत्री ने पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत संगोष्ठी को किया संबोधित
- कहा- पिछली सरकारों में जाति, मत, मजहब और पंथ के नाम पर बांटे जाते थे महापुरुष
- सपा ने डिग्री कॉलेज के नाम से हटा दिया था अहिल्याबाई होल्कर का नाम : सीएम योगी
- 2014 से पहले गैर भाजपा सरकारों ने कभी भारत को भारतीय दृष्टिकोण से नहीं देखा था : योगी





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत एक संगोष्ठी को संबोधित किया।

**संगोष्ठी**

- पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने महापुरुषों को इन आधारों पर विभाजित करने का प्रयास किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत एक संगोष्ठी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों को जाति, मत या मजहब के आधार पर बांटा नहीं जा सकता। उन्होंने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने महापुरुषों को इन आधारों पर विभाजित करने का प्रयास किया। विशेष रूप से समाजवादी पार्टी के शासनकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औरैया में माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर स्थापित डिग्री कॉलेज का नाम बदलने का प्रयास किया गया था। उन्होंने गर्व के साथ घोषणा की कि वर्तमान सरकार ने औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक स्वागत किया और माता रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



### अहिल्याबाई होल्कर एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व: सीएम

*मुख्यमंत्री ने माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को हुआ था। छोटी उम्र में विवाह के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और 1725 से 1795 तक अपने 70 वर्ष के जीवनकाल में आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित की। उन्होंने किसानों, नौजवानों, कारिगरों, हस्तशिल्पियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। मुख्यमंत्री ने औरंगजेब और बाबर के समय में तोड़े गए मंदिरों के पुनरोद्धार का जिक्र करते हुए कहा कि अहिल्याबाई ने मालवा राज से बाहर निकलकर पशुपतिनाथ, रामेश्वर, महाकाल, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और बंगाल तक के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया।*

**सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा नया भारत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां सदाचार और सद्बुद्धि है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश के 140 करोड़ लोग प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने 2014 से पहले की सरकारों पर भारत को भारतीय दृष्टिकोण से न देखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उस समय राम और कृष्ण को काल्पनिक बताया गया, रामसेतु को तोड़ने की कोशिश की गई और भ्रष्टाचार, अविश्वास, अराजकता व राजनीतिक षड्यंत्र का बोलबाला था। वहीं, मोदी सरकार ने 'नेशन फर्स्ट' का भाव पैदा किया, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत गर्व के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं। ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, रेलवे, मेट्रो, रैपिड रेल और रोपवे के क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख किया।

### नारी सशक्तिकरण का प्रतीक हैं माता अहिल्याबाई

**मुख्यमंत्री** ने अहिल्याबाई को नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही थीं, तब भारत में अहिल्याबाई एक आदर्श शासन व्यवस्था चला रही थीं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सात वर्किंग विमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर बनाए जा रहे हैं। साथ ही, नारी वंदन अधिनियम और शासन की अन्य योजनाओं के माध्यम से नारी शक्ति के सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पीएसी की तीन बटालियनों का नाम अवंती बाई, झलकारी बाई और वीरांगना उदा देवी के नाम पर रखा है, जो नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। 10 दिनों तक जन-जन तक जाकर माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और योगदान के बारे में बताएं।

## गुजरात के रेल परिदृश्य में बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। ये स्टेशन देश के 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित हैं। इन 103 अमृत रेलवे स्टेशनों में से एक है गुजरात का डाकोर स्टेशन। कइसके विकास से अब श्री रणछोड़राय मंदिर में आने वाले भक्तों को काफी सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने एक और मील का पत्थर हासिल किया है। पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के डाकोर स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया है। इस योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं और क्षेत्रीय वास्तुकला के साथ विकसित करना है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि इन स्टेशनों का पुनर्विकास देश के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाएगी।

## जब बेटियाँ पूछने लगीं सवाल, तब सरकार ने दिया 'मिशन समाधान'

**संवाद**

- 80 हजार बालिका और 12 हजार से अधिक स्टाफ जूम पर एक साथ जुड़े, एक साथ किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बेटियाँ अब सिर्फ पढ़ाई नहीं कर रहीं, वे सवाल भी कर रही हैं और समाधान भी खोज रही हैं। बुधवार को इसका सशक्त उदाहरण तब देखने को मिला जब प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की 80 हजार से अधिक छात्राएँ और 12 हजार से अधिक स्टाफ एक साथ जूम पर जुड़े और मिशन समाधान सीरीज-01 का हिस्सा बने।

यह आयोजन संवाद और जागरूकता का तो था ही, साथ ही यह बेटियों के चुप न रहने, उन्हें उनके हक, अधिकार और सुरक्षा के प्रति सजग करने का माध्यम भी बना। मिशन समाधान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेटी-सशक्तिकरण मॉडल का मजबूत हिस्सा बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। यह पहल, मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला पीएसी, पॉक्सो जागरूकता अभियान और साइबर सेफ्टी जागरूकता जैसी योजनाओं को जमीनी मजबूती देने वाली है। स्कूल स्तर पर बालिकाओं को आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में तैयार करने का मंच भी है।

**महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने किया संवाद**

कंचन वर्मा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा, "हर समस्या का समाधान है। पढ़ाई हमें सशक्त बनाती है।

आप सही-गलत में फर्क करना सीखें और कभी हिचकिचाएं नहीं। हुनर सीखें, यही आपका आत्मबल है।" उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक, अभिभावकों से संवाद में बेटियों के भविष्य पर विशेष चर्चा करें।

## मलिक के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**शिकंजा**

- आरोप पत्र दाखिल होने की सूचना के बाद ही यह समाचार भी सामने आया है कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक बीमार हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के एक मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। आरोपपत्र में सत्यपाल मलिक के अलावा उनके दो निजी सचिवों और चार अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। यह मामला जम्मू-कश्मीर में 624 मेगावाट की किरू जलविद्युत परियोजना से संबंधित है। आरोप है कि परियोजना के ठेका देने में अनियमितताएं हुई थीं। सीबीआई ने इस संबंध में 2022 में प्रारंभिक



जांच शुरू की थी और बाद में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें आज आरोप पत्र दाखिल किया गया। आरोप पत्र दाखिल होने की सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही यह समाचार भी सामने आया है कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल में भर्ती होने की सूचना भी खुद उन्होंने ही पुष्ट की है। सत्यपाल मलिक के ट्वीटर हैंडल पर अस्पताल के बेड के चित्र समेत एक संदेश जारी किया गया है। इसमें सत्यपाल मलिक ने लिखा है "नमस्कार साथियों। मेरे बहुत से शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं जिन्हें उठाने में मैं असमर्थ हूं।'

## अदालत की मंजूरी के बिना समिति गठित करने पर दिल्ली सरकार को कोर्ट की फटकार

**लताड़ा**

- पेश वकीलों ने कहा कि सरकार ने कोर्ट की अनुमति के बिना 26 मार्च को 8 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने चांदनी चौक क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए कोर्ट की मंजूरी के बिना पीडब्ल्यूडी की कमेटी बनाने पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि आप कहते हैं कि ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा और उसे बहाल करने के लिए उत्साहित हैं, लेकिन कोर्ट को बार-बार हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है। मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल की ओर से पेश वकीलों ने कहा कि सरकार ने कोर्ट की अनुमति के बिना 26 मार्च को 8 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी की अध्यक्षता दिल्ली नगर नियम के आयुक्त अश्विनी कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कमेटी ने अपनी बैठकें भी की है। इस सूचना पर कोर्ट नाराज हो गई और दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयास न सिर्फ अपर्याप्त हैं।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान को और अधिक बनाएं प्रभावी: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार सुबह शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में धर्मांतरण से जुड़े मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी बल दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सत्यापन अभियान लगातार जारी रखने को कहा।

**दिशा-निर्देश** *अब तक साढ़े 11 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम के कर चुके हैं दर्शन, पंजीकरण केंद्र का किया स्थलीय निरीक्षण*

## 30 लाख श्रद्धालु करा चुके हैं चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के लोक निर्माण, पर्यटन, और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण काउंटर, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा, और सुरक्षा जैसे इंतजामों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 30 लाख से अधिक लोग चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें हेमकुंड साहिब के श्रद्धालुओं की



संख्या 61,822 को जोड दिया जाए तो इनकी कुल संख्या 31 लाख से अधिक हो जाएगी। वहीं अब तक साढ़े 11 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। महाराज ने देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी यात्रा और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में फीडबैक लिया। श्रद्धालुओं ने पंजीकरण केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना की और अपनी यात्रा को सुखद बताया। मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तीर्थयात्रियों को पंजीकरण में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुखद अनुभव के साथ लौटें। इस अवसर पर महाराज ने पत्रकारों को बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद यात्रियों की संख्या में कमी आई थी, लेकिन अब इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। इस वर्ष चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अभी तक यमुनोत्री धाम में 5,08,041, गंगोत्री धाम में 5,59,272, केदारनाथ धाम में 10,40,901, बद्रीनाथ धाम में 9,46,619 श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं, जो 3,054,806 से अधिक है। हेमकुंड साहिब में 61,822 श्रद्धालुओं सहित इसकी कुल संख्या 31,16,655 है।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें





H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925